


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
वर्ष 54/ अंक 268/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, बुधवार 07 मई 2025 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in

## ऑपरेशन सिंदूर में मसूद अजहर का पूरा परिवार खत्म, बोला-



# काश मैं भी मर जाता...

## पाकिस्तान पर 24 मिसाइल दागीं, मोदी बोले- देश हमारी ओर देख रहा था, ये तो होना ही था

**पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख अड्डे मरकज सुब्हान अल्लाह पर भारतीय सेना द्वारा किए गए स्ट्राइक में मसूद अजहर की पत्नी, बेटा और बड़ी बहन सहित उसके पूरे परिवार के 10 लोगों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। टीवी रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हमले में मसूद की बड़ी बहन, बहनोई और चार करीबी गुर्गे के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। मारे गए लोगों में मौलाना काशिफ, उसका परिवार, मौलाना अब्दुल रऊफ की बड़ी बेटी, पोते और चार बच्चे शामिल हैं। इस हमले में परिवार के खात्मे के बाद मसूद अजहर काफी परेशान है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उसने कहा- अच्छा होता कि मैं भी मर जाता। सूत्रों का कहना है कि ये सभी लोग उस समय मरकज परिसर में मौजूद थे जब भारत ने आतंकवादी ठिकानों को टारगेट कर हमला किया। इसे जैश का प्रमुख प्रशिक्षण और संचालन मुख्यालय माना जाता है, जहां पुलवामा जैसे हमलों की साजिश रची जाती रही है।**

विशेष टिप्पणी

## कहा था मोदी को बताना अब मोदी ने बता दिया

### न कम-न अधूरा, पहलगाम का बदला पूरा

### आतंकिस्तान तबाह... संतुलित, नपा तुला

पिछले 3 दशक से भारत में पाकिस्तान द्वारा सिंचित आतंकवाद को बढ़ावा दिया गया था। इसी वजह से भारत में देश की संसद पर, मुंबई में और जयपुर में आतंकवादी हमले हुए, इसका जबाव बहुत ही सटीक तरीके से भारत ने दिया है। पहलगाम हमले को जिस बर्बरता से अंजाम दिया गया था। ठीक उसके 13 दिन के अंदर भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारत की तीनों सेनाओं ने एक साथ अपना शौर्य दिखाया और आतंकिस्तान को कंपकंपा दिया। कांपता हुआ आतंकिस्तान अब गिड़गिड़ा रहा है।

कल रात्रि 8 बजे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत मंडपम में एक दूरदर्शन चैनल के कार्यक्रम में एक संयमित और परिपक्व भाषण के द्वारा बहुत सारे विषयों पर चर्चा की और अंत में पानी के मुद्दों को लेकर भाषण समाप्त किया। भाषण लगभग 9 बजे समाप्त हुआ और उसके 4 घंटे बाद यानी कि रात एक बजे भारत ने आंतकवाद को नेस्तानाबूद करने के लिए अपनी कार्रवाई कर दी। रात्रि डेढ़ बजे से लेकर सुबह 8 बजे तक यानी 7 घंटे में विश्व के सभी राष्ट्राध्यक्षों को इसकी सूचना भी मिल गई और उनकी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं भी प्राप्त हो गईं और विश्व ने भारत को एक बहुत ही मजबूत एवं साहसी राष्ट्र के रुप में मंजूर किया है।

135 करोड़ की आबादी वाले देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार ने भारत के मान और गौरव को दुनिया में स्थापित कर दिया। अभी इस निर्णय की भारत के विपक्षी राजनैतिक दल के नेताओं राहुल गांधी, अरविन्द केजरीवाल, अखिलेश यादव आदि ने दो शब्दों में सोशल मीडिया पर भारतीय सेनाओं की तारीफ तो की पर यह तारीफ दिल से की नहीं लगती है। यहां यह भी आवश्यक है कि जब देश आतंकवाद की समस्याओं से लड़ रहा है तब उन्हें देश की सरकार को भी प्रोत्साहित करना चाहिए तथा सरकार के साहस की प्रशंसा करना चाहिए था।

आज अनुमान से एक हजार आतंकियों पर जवाबी हमले किए गए। तीन बड़ी आतंकी एजेंसियों के कमांडर सेंटरों को ध्वस्त किया गया। अब क्या पाकिस्तान की जनता, सेना को उनके देश के लिए ऐसे कदम उठाने चाहिए जिससे कि आतंकवाद को पाकिस्तान से समाप्त कर सकेंगे। भारत की नरेन्द्र मोदी सरकार ने आज जो कठोर कार्रवाई की है उसको पाकिस्तान का आंतकवाद समाप्त करने का लॉंच पैड मानना चाहिए। पाकिस्तान के सभी राजनैतिक दलों तथा धर्मगुरुओं, मौलवियों शासकीय अधिकारियों न्यायालय, पुलिस सभी को अब आतंकवादियों को समाप्त करने के लिए पहल करनी चाहिए।

आज भारत देश का हर नागरिक ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार को साधुवाद दे रहा है। भारत सरकार के हर विभाग के हर अधिकारी ने देश की गरीमा और सुदृढ़ राष्ट्र बनाने के लिए जो कार्य किया है उनके लिए पूरा देश उनका आभारी है। भारत की तीनों सेना और उनके हौसलों को देश का नमन है और देश को विश्वास है कि हमारी तीनों सेना देश को न टूटने देंगी न झुकने देंगी।

### और अंत में.... सेना को समर्पित चार पंक्ति

आरंभ है प्रचंड बोल मस्तकों के झुंड
आज जंग की घड़ी की तुम गुहार दो,
आन बान शान या की जान का हो दान
आज एक धनुष के बाण पे उतार दो !!!

**जय हिन्द-जय भारत**
**भरत पटेल**

# 100 किमी अंदर तक सिंदूर का प्रहार

## 25 मिनट में नौ आतंकी ठिकाने ध्वस्त




**नई दिल्ली।** सरकार और सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय सशस्त्र बलों की स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद थीं। इस दौरान बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर रात एक बजकर पांच मिनट और एक बजकर 30 मिनट के बीच चलाया गया। इस दौरान आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने पाकिस्तान के 100 किलोमीटर अंदर मिसाइल हमले किए और नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। भारत की स्ट्राइक की जद में पीओके में पांच और पाकिस्तान में चार आतंकी ठिकाने आए।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पीओके के आतंकी शिविरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, मुजफ्फराबाद में शवाई नाला कैंप लश्कर-ए-तैयबा का कैंप है। 20 अक्तूबर, 2024 को सोनमर्ग, 24 अक्तूबर, 2024 को गुलमर्ग और 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को यहीं प्रशिक्षित किया गया था। उन्होंने मुजफ्फराबाद में सैयदना बिलाल कैंप पर स्ट्राइक की भी जानकारी दी, यह जैश-ए-मोहम्मद का कैंप है, जो हथियार, विस्फोटक और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में काम करता है। इसके साथ ही नियंत्रण रेखा (एलओसी) से 30 किलोमीटर दूर कोटली में गुलपुर कैंप को भी टारगेट किया गया। यह 20 अप्रैल, 2023 को पुंछ हमले और 9 जून, 2024 को तीर्थयात्रा बस हमले से जुड़े लश्कर आतंकियों का ठिकाना था। इसके अलावा भिमबेर में बरनाला कैंप को भी ध्वस्त किया गया, यह हथियारों और आईईडी की सप्लाई का केंद्र और ट्रेनिंग सेंटर था। ऐसे ही एलओसी से 13 किमी दूर एक अन्य कोटली कैंप में 15 आतंकवादियों की क्षमता वाले लश्कर के फिदायीन को प्रशिक्षित किया जाता था।

### लक्ष्यों का चयन विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर हुआ

इससे पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में संसद हमले, मुंबई हमले, पुलवामा हमले और पहलगाम हमले के दृश्य दिखाए गए। सबसे पहले विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने %ऑपरेशन सिंदूर% की पूरी जानकारी साझा की। उन्होंने बतायास कि ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया गया। नौ ठिकानों की पहचान कर उन्हें बर्बाद किया गया। इन ठिकानों में आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। ऑपरेशन सिंदूर के लिए इन लक्ष्यों का चयन विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर हुआ। इसमें यह ध्यान रखा गया कि रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।

### भारत ने आतंकी हमलों को रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया

इससे पहले विक्रम मिस्री ने कहा, 22 अप्रैल 2025 को लश्कर-ए-तैयबा से पाकिस्तान से प्रशिक्षित आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर बर्बरतापूर्ण हमला किया। 25 भारतीयों और एक विदेशी नागरिक को कायरतापूर्ण तरीके से मार दिया गया। यह मुंबई हमले के बाद आतंकी हमलों में आम नागरिकों के मारे जाने की सबसे गंभीर घटना रही। इस हमले में वहां मौजूद लोगों को करीब से और उनके परिवार के सामने सिर पर गोली मारी गई। परिवार के सदस्यों को जानबूझकर आघात पहुंचाया गया। यह नसीहत भी दी गई कि वे हमले का संदेश पहुंचाएं। यह जम्मू-कश्मीर में बहाल हो रही सामान्य स्थिति को बाधित करने के लिए हुआ। इस हमले का उद्देश्य पर्यटन को प्रतिकूल रूप से नुकसान पहुंचाना था। पिछले साल यहां पौने करोड़ पर्यटक आए थे। आतंकियों का यह मकसद था कि इस इलाके को पिछड़ा रखा जाए। हमले का यह तरीका जम्मू-कश्मीर और अन्य राज्यों में साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के उद्देश्य से भी था। हमने प्रयासों को विफल कर दिया। एक समूह ने खुद को रजिस्टेंस फ्रंट कहते हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। यह प्रतिबंधित समूह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के समक्ष रिपोर्ट में इस संगठन के बारे में इनपुट दिए थे। इससे पाकिस्तान के आतंकी समूहों के मुखौटे के रूप में टीआरएफ की भूमिका सामने आई थी।

### भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर पक्ष और विपक्ष की प्रतिक्रियाएं



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह-** इस बयान में कहा गया है, इस ऑपरेशन में पाकिस्तान और पाकिस्तान के क़ब्ज़े वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाया गया है, जहां से भारत पर आतंकी हमलों की योजना बनाई गई थी और उन्हें अंजाम दिया गया था।

बयान में ये भी कहा गया है कि कुल नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है।

दूसरी ओर पाकिस्तान के सरकारी टीवी ने सेना के प्रवक्ता के हवाले से बताया है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर तीन जगहों पर मिसाइलों से हमला किया है, इस मुद्दे पर भारत में कई लोगों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।



**योगी आदित्यनाथ-** भारतीय सेना के प्रवक्ता ने सेना के ऑपरेशन सिंदूरके बारे में लिखा है, इंसाफ़ किया गया। जय हिन्द।



**विदेश मंत्री एस जयशंकर-** ने सेना के ऑपरेशन को लेकर एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है, दुनिया को आतंकवाद के मुद्दे पर ज़ीरो टॉलरेन्स ज़रूर दिखाना चाहिए।



**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे-** पाकिस्तान और पीओके से पैदा होने वाले आतंकवाद के हर स्वरूप के लिए भारत की एक दृढ़ राष्ट्रीय नीति है। हम पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सेना के हमले पर गर्व करते हैं।



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में **नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी** ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है, हम अपनी सेना पर गर्व करते हैं। जय हिन्द।



**कांग्रेस सांसद जयराम रमेश** ने सेना के ऑपरेशन पर कहा है, भारत की यह अडिग नीति होनी चाहिए कि पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवाद के सभी स्त्रोतों का पूरी तरह से सफाया किया जाए और यह नीति हमेशा सर्वोच्च राष्ट्रीय हित से प्रेरित होनी चाहिए।



वहीं एआईएमआईएम सांसद **असदुद्दीन ओवैसी** ने लिखा है, मैं हमारी रक्षा सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए लक्षित हमलों का स्वागत करता हूँ। पाकिस्तानी डीप स्टेट को ऐसी सख्त सीख दी जानी चाहिए कि फिर कभी दूसरा पहलगाम न हो। पाकिस्तान के आतंक ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर देना चाहिए. जय हिन्द !

कांग्रेस नेता **शशि थरूर** ने एक पोस्ट में लिखा है, आतंकी ठिकानों को सटीक निशाना बनाकर हमला किया गया है। यह ठीक वैसा ही है, जिसकी मैंने पिछले हफ्ते वकालत की थी- कड़ा प्रहार करें, चतुराई से करें, मैं इसकी प्रशंसा करता हूं और सेना के साथ मजबूती से खड़ा हूं।

### कैलाश विजयवर्गीय ने कहा-56 इंच के सीने को बधाई



मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए लिखा- 56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई। विजयवर्गीय ने अपने ट्वीट में लिखा कि यह नया भारत है, जो आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं हिचकिचाता।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले- धर्मो रक्षति रक्षित



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ङ्ग पर लिखा- धर्मो रक्षति रक्षितः। सिंधिया ने अपने ट्वीट में लिखा कि यह कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ भारत की धार्मिक और नैतिक जीत है।

### प्रहलाद पटेल ने लिखा- ये नया भारत है



मंत्री प्रहलाद पटेल ने लिखा- ये नया भारत है। पटेल ने अपने ट्वीट में लिखा कि यह कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत इच्छाशक्ति को दर्शाती है।

### कमलनाथ बोले-भारत माता की जय



पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक्स पर लिखा- भारत माता की जय। कमलनाथ ने अपने प्रेस नोट में लिखा कि यह कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत कार्रवाई को दर्शाती है।

ऑपरेशन सिंदूर पर बोले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव...

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह होता है

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह होता है । हमारी सेना भी जगत जननी मां जगदंबा नवदुर्गा के समान शक्ति संपन्न है, जो दुश्मनों से निपटने में सक्षम है।



पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है, पूरा देश गौरांवित है पूरे देश आनंद में है। ऑपरेशन सिंदूर नाम से ही स्पष्ट है, सिंदूर पर हाथ लगाने वाले- गलत निगाह दौड़ने वाले को भारतीय सेना ने जवाब दिया है। वह दृश्य अपने सामने दिखाई दे रहा है जिसमें यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा था कि हर वह स्थान और हर वह व्यक्ति जो भारत की तरफ गलत निगाह से दिखेगा उसे मिट्टी में मिला देंगे। यह परिणाम सबने देखा है ,मेरी अपनी ओर से प्रधानमंत्री मोदी को आतंकी खातमें के इस जबर्दस्त प्रहार की कोटिशः बधाई।

हमारे रक्षा मंत्री , केंद्रीय गृहमंत्री , सरकार और पूरे भारतवासी जिन्होंने पहलगाम पर एकजुटता दिखाई, वह सबके लिए गौरव का विषय है। हम सब प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। राज्य सरकार प्रधानमंत्री मोदी के हर कदम के साथ है। हमारे देश के दुश्मनों को सबक सिखाते हुए भारतीय वीरता का जो परचम फहराया गया है, यह हम सब भारतवासियों के लिए गर्व का आधार है । इस ऑपरेशन में किसी को व्यक्तिगत हानी न होते हुए आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। यह 56 इंच के सीने के सामर्थय को दर्शाती घटना है ।

मध्य प्रदेश के आसमान में गरजेंगे फाइटर जेट्स!

# बजेगा सायरन, मोहन यादव का अलर्ट



**भोपाल।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब देने की तैयारियां शुरू कर दी है. पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू करने के पहले 7 मई को देश भर में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल होने जा रही है. मध्य प्रदेश के 5 शहरों इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में भी मॉक ड्रिल की जाएगी. मध्य प्रदेश के इन 5 शहरों सहित देशभर में 244 जिलों में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल होगी. मॉक ड्रिल शाम 4 बजे होगा।

### क्या होगा वॉर मॉक ड्रिल में

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक के पहले संबोधन में 7 मई को होने वाले सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल की जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए मध्य प्रदेश के पांच शहरों में मॉकड्रिल होगी। शाम 4 बजे से सायरन के जरिए खतरे की सूचना, ब्लैक आउट, प्रमुख अधो संरचनाओं को सुरक्षित रखने, दुर्घटना की स्थिति में घायलों को सुरक्षित निकालने जैसी गतिविधियों की ड्रिल की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में जिला कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इसको लेकर गृहमंत्रालय द्वारा एसओजी जारी की जा रही है।

### मॉक ड्रिल के तीन कैटेगरी में बांटे गए शहर

2010 की अधिसूचना के अनुसार देश भर में संवेदनशीलता के हिसाब से अलग-अलग राज्यों के जिलों को तीन कैटेगरी में बांटा गया है। कैटेगरी 1 में नई दिल्ली, सूरत, बडोदरा, काकरापार, मुंबई, तारापुर, उरण, तारणपुर, तालचेर, कोटा, रावत-भाट्टा, चेन्नई, कलपक्कम और बुलंदशहर शहर शामिल हैं. कैटेगरी - 2 में मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, कटनी शहर हैं।

### क्यों किया जाता है मॉक ड्रिल

आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल बेहद जरूरी होता है। आमतौर पर पुलिस सार्वजनिक स्थानों, सरकारी कार्यालयों में आतंकी हमलों और सीआरपीएफ एयरपोर्ट पर आतंकी घटनाओं या फिर आगजनी जैसी दूसरी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए किया जाता है. वहीं वॉर मॉक ड्रिल की जरूरत युद्ध के समय एयर स्ट्राइक जैसी स्थितियों को लेकर देखते लोगों को पहले से तैयार किया जाता है। साथ ही प्रशासनिक और चिकित्सा अमले को भी तैयार किया जाता है।

### सेंसर बोर्ड ने काट छांट की है जिससे सत्य घटना के सीन प्रदर्शित नहीं हो सकेः कुशवाहा

# फिल्म फूले देखने पहुंचे बहुजन समाज के जनप्रतिनिधि






**भोपाल।** फिल्म फूले को देखने पहुंचे बहुजन समाज के जनप्रतिनिधि डी बी माल में उनके साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित सभी ने फिल्म को लेकर कहा कि जिस प्रकार सेंसर बोर्ड ने काट छांट करके फिर प्रदर्शित की है अब हम चाहते हैं की पार्ट 2 मूवी बनाई जाए जिसमें उनके जीवन पर सत्य घटना पर आधारित सिन को सही तरीके से फिल्मकार आम जनता के सामने लाया जाए यह बात बी आर अंबेडकर जनकल्याण समिति के अध्यक्ष रवि खरे ने कही उनके साथ योगेश मान सिंह कुशवाहा, क्रांति कुशवाह समाज प्रदेश अध्यक्ष,सुनील बोरसे प्रदेश अध्यक्ष भीम शक्ति अंबेडकर नेता, श्याम सिंह सरोनिया. घनश्याम दोहरे, वरिष्ठ समाजसेवी,बीआर अंबेडकर जन कल्याण समिति महिला संगठन ग्राम कलखेड़ा महिलाएं भी सम्मिलित हुई,छाया खरे,शिवानी खरे ,लता सरोनीया,कामिनी खरे, बबली खुराना,तनु दोहरे, गीता दोहरे,,स्वाति सरोनिया ,ममता सरोनिया, लक्ष्मी बाई फरैया संजना दोहरे, बिना,फरैया ,सोना,सिलाट, पिंकी सरोनिया , कविता बामनिया. गीता बामनिया कुसुम सिलावट,नेहा खरे,मुस्कान खरे,ओम प्रकाश क्क्ष्आकाश सरोनिया,अमित खुराना अखिलेश बामनिया, डॉ. मनोज डोहर, सुरेश बामनिया, बलराम बामनिया, अंकित भास्कर , दीपक सरोनिया,अजय,सूर्सवंशी, अरूण सरोनिया, शैलेन्द्र सिलावट, विजय सिलावट, दशरथ बामनिया, दुर्गाश खरे,, अभिषेक कस्तवार, राकेश खुराना, दिव्यांश नरोलिया, अभिषेक सिलावट, विरेन्द्र खरे, विपिन दोहरे, अंशुल सिलावट, नरेश खरे, दीपक उनिया, विकास जागड़े, आर्यन सरोनिया, आदित्य सिलावट, अंकित सिलावट, संजय सरोनिया, अंकित सिलावट. निलेश सिलावट. रोहन खुराना, अरूण दोहरे, रोहित सूर्सवंशी, अनिल कस्तावार, करण दोहरे, लक्की सरोनिया, शिवा सरानिया तरूण दोहरे, सुशील सरोनिया, तरूण सरोनिया, लक्की दोहरे, हर्ष दोहरे आदि उपस्थित रहे।

### महिला पॉलीटेक्निक में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

# किशोरियों को मिली स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी



**भोपाल।** किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज शिवाजी नगर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल एवं सबका सहारा सोशल वेलफेयर सोसाइटी व भोपाल ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा आयोजित इस शिविर में किशोरवय स्वास्थ्य पर जानकारी दी गई । स्वास्थ्य शिविर में डॉ पुष्पा देवी डॉ आकांक्षा यादव , नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती अदिति कुशवाहा, श्रीमती जार्जिना मंडलोई, मल्टीटास्क वर्कर श्री दीपक चौहान , श्री मनोज चंद्रवंशी, ए एन एम सुश्री पूनम वर्मा, सुश्री भानुप्रिया ने सेवाएं दी। शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा एनीमिया की रोकथाम हेतु उचित खान-पान, आयरन फोलिक सप्लीमेंट्स के उपयोग, मासिक धर्म स्वच्छता , मानसिक स्वास्थ्य पर परामर्श दिया गया । शिविर में 102 किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । जिसमें डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर से एनीमिया का स्तर, उच्च रक्तचाप एवं अन्य बीमारियों की जांच की गई। शिविर में 53 आभा आईडी एवं 6 आयुष्मान कार्ड बनाए गए । शिविर आयोजन में डॉ अभिजीत देशमुख, डॉ प्रिया चित्तावर , डॉ आभा जैन एवं कॉलेज प्रबंधन द्वारा विशेष सहयोग दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने कहा कि किशोरी बालिकाओं में एनीमिया के स्तर की जांच एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का परीक्षण किया गया। आयरन फोलिक एसिड सेवन के लाभ एवं तरीकों के बारे में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई।

# छात्रा मेद्या ने 92.4 प्रतिशत और भावेश ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मारी बाजी



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में हाई स्कूल व हायर सेकेण्ड्ररी परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जो शत-प्रतिशत् रहा, इस परीक्षा में कुल 205 छात्राएं सम्मिलित हुईं। जिसमें वाणिज्य संकाय में कु. मेद्या सेन 92.4 प्रतिशत से कक्षा 12वीं में एवं कक्षा 10वीं में भावेश वंजानी 97 प्रतिशत में प्रथम स्थान प्राप्त कर किया। विद्यालय की छात्रा कु. मेद्या सेन एवं छात्र भावेश वंजानी ने अपनी सफलता का श्रेय संत सिद्ध भाऊ, स्कूल प्रबंधन एवं अभिभावकों को दिया है। कक्षा बारहवीं में कुल 77 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिसमें प्रथम श्रेणी में 54 द्वितीय श्रेणी 13, तृतीय श्रेणी में 10 विद्यार्थी रहे, कक्षा दसवीं में कुल 128 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिसमें प्रथम श्रेणी में 94 द्वितीय श्रेणी 23, तृतीय श्रेणी में 11 विद्यार्थी रहे।

**एलवीएस और प्रेरणा किरण स्कूल में बेहतर रहा परीक्षा परिणामः** लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा विद्यालय के हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 117 छात्राओं में से 95 प्रथम श्रेणी, 16 द्वितीय श्रेणी प्राप्त की तथा प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के हाई स्कूल में 86 छात्रों में से 57 प्रथम श्रेणी, 13 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की है। लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. विद्यालय का हायर सेकण्डरी का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा है। परीक्षा में सम्मिलित 91 छात्राओं में से 65 प्रथम श्रेणी, 13 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की है एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल का हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। परीक्षा में सम्मिलित 64 छात्रों में से 31 ने प्रथम श्रेणी, 16 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की है।

**अनन्दराम टी शाहानी स्कूल हायर सेकंड्ररी में कोमल नागदेव ने 95 अंक प्राप्त कियाः** अनन्दराम टी शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल हाई स्कूल हायर सेकंड्ररी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हायर सेकंड्ररी में प्रथम दितीय व तृतीय स्थान पर वाणिज्य संकाय में कोमल नागदेव, 95 प्रतिशत, पायल गिदवानी, 92.2 प्रतिशत, अंशु फूलवानी 86 प्रतिशत, अंजाना बंसल 82 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में अदिति मीना 81 प्रतिशत कला संकाय मे भावना मीणा 74.4 प्रतिशत हाई स्कूल मे प्रथम दितीय व तृतीय स्थान पर कनक मालवीय 90 प्रतिशत, सुहानी अहिरवार, 87.8 प्रतिशत, सनोवर खान 84.6 प्रतिशत ने स्थान मिला। सभी सफल विध्यार्थियों को सिद्ध भाऊ व नवयुवक सभा के संरक्षक शिक्षाविद् विष्णु गेहानी, अध्यक्ष वासदेव वाधवानी, सचिव सुरेश राजपाल सहित प्रबंध समिति के अन्य सदस्यों ने बधाई दी।

### तनु रजक ने 92 प्रतिशत प्राप्त कर किए

क्राईस्ट मेमोरियल हाई स्कूल गांधीनगर की कक्षा दसवीं में तनु रजक ने 92 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर कुमारी याषिका रामचंदानी ने 89 प्रतिशत प्राप्त किये। तृतीय स्थान पर मास्टर हरीष राव भाटी ने 79प्रतिशत प्राप्त किये। विद्यालय का परीक्षा परिणाम देखकर संस्था के संस्थापक डॉ. मेनिस मैथ्यूज़ जी एवं प्राचार्य श्री आनंद वाधवानी ने सभी विद्यार्थियों को एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुये समस्त विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं समस्त षिक्षकों को भी उनके परिश्रम के लिए बधाई दी।

### माता जानकी की जयंती पर गुफा मंदिर में ब्राह्मणों ने वैदिक विधान से की विशेष पूजा

**भोपाल।** श्री जगत जननी माता जानकी की जयंती पर रामानंद आश्रम गुफा मंदिर में आज जानकी नवमी पर श्रीमदजगदगुरु द्वाराचार्य महंत रामप्रवेशदास देवाचार्य महाराज, संतों एवं पंडित लेखराज शर्मा के आचार्यत्व में ब्राह्मणों ने वैदिक विधान से भगवती जानकी का पंचामृत, गंगा जल आदी से स्नान कराकर षोडशोपचार पूजन किया श्रीसूक्त पाठ तथा जानकी जी स्तुति गाई खीर का भोग लगाकर सभी को वितरित किया ।

### ऐबु यूनियन की नई कार्यकारिणी का गठन

**भोपाल।** 1 मई अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस समारोह के अवसर पर ऑल इंडिया बीएचईल एम्प्लॉईज यूनियन के महासचिव एवं निफ्टू के प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण गिरी द्वारा यूनियन की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष सोनी, कोषाध्यक्ष, विशाल वाणी, संगठन सचिव राजमल बैरागी, कार्यालय मंत्री योगेश देवस्कर सह-कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जसोदिया,रोहित कुमार वरिष्ठ सचिव अल्ताफ अंसारी एवं बीरेंद्र सिंह मार्गदर्शक मंडल एवं प्रमुख सलाहकार धर्मेंद्र डाहट,संजीब कुमार नंदा,सावन कुमार पासी,यू पी शर्मा,अख्तर खान नामित किये गये।

# वैष्णवी सेन ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हर्षनी वेलफेयर फाउंडेशन का नाम रोशन किया



**भोपाल।** हर्षणी वेलफेयर सोसायटी की छात्रा कुमारी वैष्णवी सेन ने कक्षा 10 बी में 500/460 नंबरों के साथ 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार विक्रम लोधी 500/341 कुमारी राधिका पाल 500/314 कुमारी स्वाति मालवीय 500/267अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। बच्चों के साथ संस्था की संचालिका नेहा ममतानी को भी बहुत बहुत बधाई। दोनों छात्र झुग्गी झोपड़ी बस्ती के है उन्होंने यह सफलता नेहा ममतानी के मार्ग दर्शन में प्राप्त की, है एवं संस्था का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर समाज सेवी ओम प्रकाश कौशल एवं संतोष कुमार त्रिपाठी अतुल विद्या मिश्रा ने भी बच्चों एवं नेहा ममतानी को इस सफलता पर बधाई दी है।

# अभाविप ने सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में सहभागिता करन युवाओं-विद्यार्थियों को किया आह्वान

**भोपाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 7 मई को देशभर में आयोजित की जा रही सिविल डिफेंस मॉक ड्रिलमें युवाओं-विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया है। हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सीमा पार से बढ़ते सुरक्षा खतरे जिनमें साइबर हमले और शत्रुतापूर्ण गतिविधियाँ भी शामिल हैं, के अंतर्गत यह राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल नागरिक और संस्थागत तंत्र की तैयारियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक आवश्यक कदम है।

इस अभ्यास में एयर रेड वॉर्निंग सायरन का परीक्षण, क्रैश ब्लैकआउट अभ्यास, नागरिकों की सुरक्षित निकासी का पूर्वाभ्यास, और विद्यार्थियों व आम नागरिकों को आपात स्थिति में सुरक्षा के उपाय सिखाने का प्रशिक्षण सम्मिलित है। साथ ही रेडार स्टेशन, पावर प्लांट्स जैसी महत्त्वपूर्ण संस्थाओं को छिपाने हेतु रणनीतिक कैमोफ्लाज तकनीकों का अभ्यास भी किया जाएगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मानती है कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल हमारी सेना की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक विशेषकर युवा वर्ग का साझा उत्तरदायित्व है। हमारे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय ऐसे केंद्र बनने चाहिए जो जागरूकता, सतर्कता और तैयारियों का प्रतीक हों। अभाविप देशभर के विद्यार्थियों, युवाओं और शैक्षणिक संस्थानों से आह्वान करती है कि वे इस %मॉक ड्रिल% में पूरी सक्रियता से भाग लें, प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, और एक सजग, अनुशासित एवं सुरक्षित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ।

अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री कु. शालिनी वर्मा ने बताया कि मॉक ड्रिल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक जरूरी कदम है,मॉक ड्रिल युद्ध की सजगता और तैयारी का प्रतीक है। मॉक ड्रिल किसी भी हालात से निपटना कैसे है इन सबकी जानकारी हेतु भी आवश्यक है। 7 मई को होने वाला ब्लैकआउट और सायरन बजने की मॉक ड्रिल भारत के लिए ऐतिहासिक और बेहद महत्वपूर्ण पहल है इस हेतु मेरी विद्यार्थियों से अपील है कि घबराएं नहीं, सावधान रहें,शासन प्रशासन का सहयोग करें।

# अंकुर बजाज और तनुश्री सरदाना ने टीबीएएमपी की तीसरी राज्य रैंकिंग प्रतियोगिता में खिताब जीते



**भोपाल।** टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश (टीबीएएमपी) ने 2 से 4 मई तक थंडर स्ट्राइक बॉलिंग एली, इंदौर में अपनी तीसरी राज्य रैंकिंग प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न की। पुरुष वर्ग में, गत विजेता अंकुर बजाज ने फाइनल में उत्कर्ष श्रीवास्तव को कड़े मुकाबले में हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। उत्कर्ष ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन निरंतरता और आत्मविश्वास दिखाया। आर्यन नायक ने शानदार फॉर्म में खेलते हुए तीसरा स्थान हासिल किया और अपने राज्य रैंक को मजबूत किया। वहीं, नए खिलाड़ी अमन मोदी ने अनुभवी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए चौंकाने वाला प्रदर्शन किया और चौथे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में तनुश्री सरदाना ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल दिखाते हुए खिताब अपने नाम किया और प्रदेश की शीर्ष महिला खिलाड़ियों में अपनी जगह और मजबूत की। रागिनी रायकवार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीबीएएमपी के सचिव अंकुर बजाज ने बताया कि वर्ष के अंत तक एक और राज्य रैंकिंग टूर्नामेंट और एक राज्य रैंकिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी, जिसके आधार पर मध्यप्रदेश की टीम का चयन नवंबर के अंत में होने वाली नेशनल टेनपिन बॉलिंग चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।

# इस मदर्स डे पर कैलिफोर्निया आमंड्स के पोषण से अपनी माँ को दीजिये सेहत का तोहफा

भोपाल। माँ का प्यार और देखभाल हर दिन हमें ताकत देता है, और इसे जताने के लिए एक दिन काफी नहीं है। इस मदर्स डे पर, आइए हम अपनी माँ की देखभाल करें। इसके लिए एक बेहद आसान तरीका है कैलिफोर्निया आमंड्स को उनकी रोज की आदत में शामिल करना। बादाम माँ को दिनभर की थकान में ऊर्जा देंगे, उनकी सेहत का खयाल रखेंगे और उनकी त्वचा को भी पोषण देंगे। कैलिफोर्निया आमंड्स किंग ऑफ नट्स कहा जाता है। इसमें 15 जरूरी पोषकतत्वं होते हैं, जैसे कि प्रोटीन, ज़िंक, मैग्नीरशियमऔर विटामिन ई। अपनी माँ की रोजाना की आदम में मुट्ठीभर बादाम शामिल करके आप उनके ब्ल ड शुगर लेवल्सर को नियमित रख सकते हैं, उनके दिल की सेहत में मदद कर सकते हैंऔर उनकी त्वकचा को ज्याीदा चमकदार बना सकते हैं। साथ ही बादाम से उन्हेंभ अपना वजन नियंत्रित रखने और एनर्जी पाने में भी मदद मिलेगी। इस मदर्स डे पर कैलिफोर्निया आमंड्स को माँ का खास साथी बनाएं। जब माँ सबकी देखभाल करती हैं, तब बादाम उनकी सेहत का खयाल रखेंगे। उन्हें दिखाएं कि उनकी सेहत हमारे लिए कितनी अहम है, और उन्हें पौष्टिक बादाम का खूबसूरत तोहफा दें। बॉलीवुड अभिनेत्री और सेलेब्रिटी सोहा अली खान ने कहा, %%सेहत मेरे लिए हमेशा अनमोल खजाना रही है। मैं रोज़ अपनी सेहत का ख्याल रखने की कोशिश करती हूँ। बचपन में मैं अपनी माँ को उनकी सेहत के लिए अच्छा गिफ्ट देती थी, और यह परंपरा मैं हर मदर्स डे पर निभाती हूँ। मुझे माँ के लिए ऐसी मिठाई बनाना पसंद है जो स्वादिष्ट, पौष्टिक और सेहतमंद हो। इस मिठाई को और खास बनाने के लिए मैं उसमें कैलिफोर्निया आमंड्स मिलाती हूँ। बादाम में जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो स्वाद और सेहत का शानदार मेल देते हैं।

# रेडक्रॉस मानवता और सार्वभौमिकता के सिद्धांत पर आधारित है: योग गुरु महेश अग्रवाल

### विश्व रेडक्रॉस दिवस

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा की आज के दिन हम सब वर्तमान में किसी भी आपदा के दौरान पुरे विश्व में लोगों की मदद के कार्य में लगे हुए सभी स्वयं सेवकों के प्रयासों की सरहाना करते हैं एवं पीड़ित मानवता के साथ सभी स्वस्थ रहें ऐसी प्रार्थना करते हैं। योग गुरु अग्रवाल ने बताया की योग प्रशिक्षण के दौरान साधको को रक्तदान के साथ खुद को स्वस्थ रखते हुए सेवा कार्यों के लिए तैयार रहने के लिए भी प्रेरित किया जाता है। विश्व रेडक्रॉस और रेड क्रीसेंट आंदोलन के सिद्धांतों को मनाने के लिए 8 मई को हर साल विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोग रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स को जरूरतमंद लोगों की मदद करने में उनके योगदान के लिए श्रद्धांजलि देते हैं ।यह दिवस हेनरी डुनेंट की जयंती पर मनाया जाता है, जो रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के संस्थापक




थे,वर्ष 1901 में उन्हें इसके लिए शांति का सबसे पहला नोबेल पुरस्कार मिला था।

रेडक्रॉस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य मूल रूप से किसी भी समय और परिस्थितियों में सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को प्रेरित करना, आरंभ करना और प्रोत्साहित करना है। रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को मोटे तौर पर मानवीय सिद्धांतों और मूल्यों के प्रचार सहित चार भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है, जिनमें आपदा प्रतिक्रिया, आपदा तैयारियां, स्वास्थ्य और केयर शामिल हैं। रेडक्रॉस सोसाइटी सात सिद्धांतों मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक, एकता और सार्वभौमिकता पर आधारित है। प्रत्येक वर्ष रेडक्रॉस की थीम बदलती रहती है। इस वर्ष 2025 में इसकी थीम मानव समाज की मूलभूत जरूरत एक दूसरे की सहायता करने को ध्यान में रखते हुए रखी गई है। इस वर्ष की थीम है मानवता को जीवित रखना है। रेडक्रॉस का चिह्न रेडक्रॉस संस्था की पहचान के लिए सफ़ेद पट्टी पर लाल रंग के धन (+) को मान्यता दी गई। रेडक्रॉस का यह चिह्न पूरे विश्व में पीड़ित मानवता की सेवा का प्रतीक बन गया है। वर्तमान समय में दुनिया में युद्ध के तरीकों और कारणों में बड़ा अंतर आ चुका है। अब युद्ध के दौरान सैनिकों की सहायता के साथ ही प्राकृतिक या मानवीय आपदाओं के शिकार लोगों को राहत एवं मदद पहुंचाने में भी रेडक्रॉस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दुनियाभर में शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से अपनी एक अलग पहचान और छवि बना ली है। आज दुनिया के किसी भी भाग में प्राकृतिक या मानवीय आपदा में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस की टीम सबसे पहले पहुंचकर राहत कार्य में जुट जाती है।

# 26 जोड़ों का निःशुल्क विवाह विधायक रहे मौजूद



**भोपाल।** राजस्थान के झालावाड़ जिले की मनोहर थाना तहसील में क्षत्रिय मेहर मेर समाज का पहला निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ। इस आयोजन में 26 जोड़ों ने विवाह बंधन में बंधे। समिति के अध्यक्ष गुलाबचंद मेर ठाकुर ने बताया कि राजस्थान में यह पहला नि:शुल्क आयोजन है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश मेहर जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर मेहरा मुख्य अतिथि थे। स्थानीय विधायक गोविंद प्रसाद रानीपुरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने अतिथियों का साल और श्रीफल से स्वागत किया। मेहर जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर मेहरा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकजुटता बढ़ती है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। शिक्षक एवं समाजसेवी देशराज मेहर अकलेरा ने मंच का संचालन किया। उन्होंने मेहर जागृति मंच की सराहना की। साथ ही कहा कि यह संगठन समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# राज्य वक्फ बोर्ड का भोपाल में बनेगा नया भवन

## वक्फ सम्पत्तियों को सुरक्षित रखने बनाया गया संशोधित वक्फ कानूनः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### वक्फ बोर्ड के भवन का नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे कलाम के नाम पर होगा

### वक्फ बोर्ड में सुशासन की पहल करने वाला मप्र पहला राज्य

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य के वक्फ बोर्ड का नया भवन भोपाल में बनेगा। भवन का नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नाम पर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह घोषणा समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण अभियान कार्यक्रम में की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वक्फ दान की सम्पत्ति है। दान की सम्पत्ति का उपयोग समाज हित में होना चाहिए। नये वक्फ कानून में यही संशोधन किया गया है। कानून पहले की विकृतियों को दूर करता है। वक्फ कानून के माध्यम से वक्फ सम्पत्तियों को सुरक्षित रखना सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की विश्व भर में सराहना हो रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का अरब देशों जैसे कतर, सऊदी अरब, ईराक, ईरान आदि देशों में सम्मान भारत का सम्मान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाहरी दुश्मन द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में देश के सभी दल और नेता एकजुट हो गए हैं। यह हिन्दुस्तान की खूबसूरती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जाने-अनजाने में 1947 में देश विभाजन में भारत छोड़कर पाकिस्तान गए लोगों को वहां मुहाजिर कहते हैं और उनके हालात खराब हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को चतुर, स्वार्थी, चालाक लोगों से सावधान रहना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस संदर्भ में सांप-नेवले की लड़ाई दिखाने के बहाने दंत-मंजन बेचने वाले मदारी की कहानी भी सुनाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड देश का आदर्श वक्फ बोर्ड है। उन्होंने इसके लिए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, बोर्ड के चेयरमेन श्री सनवर पटेल और विभागीय अधिकारियों की सराहना भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभाग के अधिकारियों को समाज के हित में योजनाओं को बनाने के लिए कहा। योजनाओं में 60 प्रतिशत केंद्र का अंश मिलता है और 40 प्रतिशत का योगदान राज्य करता है। उन्होंने कहा कि राज्य का 40 प्रतिशत योगदान हम देंगे, अधिकारी योजनाएं तैयार करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों के वेतन भत्ता के भुगतान में आ रही कठिनाई का निराकरण करने के लिए भी आश्वस्त किया। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य नवीन संशोधन अधिनियम के तहत प्रावधानित राष्ट्रीय पोर्टल पर समस्त वक्फ सम्पत्तियों को पंजीकृत करने में सहयोग दे रहा है। इस प्रकार की पहल करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। राज्य सरकार के वक्फ बोर्ड और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के उत्कृष्ट कार्यों का अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को परामर्श देने वाली संस्था आई.आई.टी. दिल्ली के दल ने भी सराहना की है। वर्तमान में राज्य वक्फ बोर्ड में संधारित मूल अभिलेखों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि वक्फ संपत्तियों के भूमि विवरण दर्ज करने और जी.पी.एस सर्वे का कार्य राजस्व विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। वक्फ सम्पत्तियों के समुचित प्रबंधन के लिए वित्त प्रवाह, मानव संसाधन और न्यायालयीन प्रकरण ट्रेकिंग प्रणाली आदि का विकास किया जा रहा है। श्रीमती गौर ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक से वक्फ की सम्पत्तियों में वर्षों से चली आ रही विसंगतियों को दूर कर उनका समाज हित में उपयोग किया जा सकेगा। इस कार्य में मध्यप्रदेश आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करेगा। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमेन श्री सनवर पटेल ने वक्फ बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वक्फ संशोधन के विभिन्न प्रावधानों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर ओलम्पियन हॉकी खिलाड़ी श्री समीर दाद, प्रबुद्धवर्ग के व्यक्ति, उलेमा आदि उपस्थित थे।

# जब शिवराज चौहान से बोला किसान, चाय, ठंडा तो रहवेगा, पहले मंत्री जी ने बुला ले और हमसे मिलवा दे



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अंदाज बहुत ही निराला है। वे जब भी सार्वजनिक तौर पर कुछ करते हैं मानो वह एक मिसाल बन जाता है। हाल ही में उनके द्वारा किसानों के प्रतिनिधिमण्डल से जिस सदगी के साथ भेंट की वह भी अपने आप में एक मिसाल ही बन गई प्रतीत होती है।

शिवराज सिंह चौहान के करीबी सूत्रों ने समाचार एजेंसी ऑफ इंडिया को बताया कि शिवराज सिंह चौहान जब देश के हृदय प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तब उनके अंदाज बहुत ही निराले रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान के द्वारा बनाई गई योजनाओं को सभी ने न केवल सराहा वरन उन्हें जनहित के लिए आवश्यक भी निरूपित किया। शिवराज सिंह चौहान जिस तरह जनता के बीच जाते और संवाद किया करते थे उससे उनकी एक अलग छवि बन गई थी। सूत्रों ने बताया कि अपने पुत्रों का विवाह धूमधाम से संपन्न करवाने के उपरांत शिवराज सिंह चौहान अपनी अर्धांग्नि के साथ ब्राजील दौरे पर चले गए थे। ब्राजील में शिवराज सिंह चौहान के द्वारा बतौर केंद्रीय कृषि मंत्री बहुत कुछ सीखा। विशेषकर उन्होनें ब्राजील में भारतीय किसानों के लिए आलू और टमाटर की बंपर पैदावार कैसे की जाए इस बारे में माहती हासिल की, और उनका यह अंदाज सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरता रहा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के करीबी सूत्रों ने बताया कि ब्राजील से स्वदेश लौटने पर शिवराज सिंह चौहान ने अपने चिर परिचित अंदाज में किसानों के साथ विभिन्न चरणों में अपने अनुभवों को साझा करने का मन बनाया। सबसे पहले उन्होंने दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश और हरियाणा के किसानों से अपने अनुभव साझा करने की मंशा व्यक्त की। फिर क्या था, सबसे पहले हरियाणा के किसानों का समूह शिवराज सिंह चौहान के आवास पर जा पहुंचा। अपनी सादगी के लिए प्रसिद्ध शिवराज सिंह चौहान के द्वारा दरवाजे पर खड़े होकर किसानों का न केवल अभिवादन किया वरन अपनी बैठक में ले जाकर उन्हें बिठाया और औपचारिकतावश उन्होंने किसानों से पूछा कि वे ठण्डा लेना पसंद करेंगे या चाय, अथवा काफी(

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान इतनी सादगी से मिल रहे थे कि किसी को भान ही नहीं हो पा रहा था कि उनकी आवभगत एक केंद्रीय मंत्री के द्वारा की जा रही है। चाय, ठण्डा पूछने पर पीछे बैठे एक किसान ने ठेठ हरियाणवी अंदाज में शिवराज से मुखातिब होकर कहा चाय, ठण्डा तो रहवेगा, पहले मंत्री जी ने बुला ले और हमसे मिलवा दे। इसके बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित वहां उपस्थित मेजबानों का ठहाका देखने लायक ही था।

# सरकारी स्कूलों की उपेक्षा और प्राइवेट स्कूलों की अंधी दौड, एक पुनर्विचार आवश्यक

आजकल व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्राइवेट स्कूलों को लेकर अनेक रील्स और पोस्ट्स वायरल हो रही हैं, जिनमें इन स्कूलों को व्यावसायिक संस्थान और समाज का शोषक बताया जा रहा है।

परन्तु इसी के विपरीत, अभिभावक अपने बच्चों के एडमिशन के लिए इन्हीं प्राइवेट स्कूलों के दरवाज़े खटखटा रहे हैं — कई बार तो एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाकर। जबकि सरकारी स्कूलों में पर्याप्त सीटें खाली हैं, और वहां किसी प्रकार की फीस भी नहीं ली जाती। पढ़ाई पूरी तरह नि:शुल्क है।

सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक भी पूर्ण रूप से प्रशिक्षित, योग्य और अनुभवसंपन्न होते हैं। फिर भी, समाज की एक बड़ी आबादी आंख मूंदकर मान बैठी है कि केवल प्राइवेट स्कूल ही अच्छे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि अधिकतर प्राइवेट स्कूल केवल व्यापारिक दृष्टिकोण से खोले गए हैं, समाजसेवा का नाम मात्र बहाना है। सरकारें भी इस सच्चाई से अनभिज्ञ नहीं हैं, फिर भी वे इस पर कोई कदम नहीं उठातीं। जब कोई संस्थान व्यावसायिक रूप से कार्य करता है, तो उसे नियंत्रित करने के लिए स्पष्ट और कड़े कानून होने चाहिए। यदि प्राइवेट स्कूल कोई भी मनमानी फीस वसूलते हैं, तो आप उन्हें दोष नहीं दे सकते — क्योंकि आपने स्वेच्छा से उन्हें चुना है। आप पर कोई दबाव नहीं है कि आप अपने बच्चे को प्राइवेट स्कूल में ही भेजें। जब सरकारी स्कूल मौजूद हैं, और वो भी पूरी सुविधाओं के साथ — तो क्यों न वहीं दाखिला लें? अगर आप सच में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से परेशान हैं, तो सबसे सशक्त विरोध यह होगा कि आप अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिला दिलाएँ। जब छात्र नहीं होंगे, तो स्कूल स्वयं ही बंद हो जाएँगे — न रहेगा बांस, न बजेगी बाँसुरी।

लेकिन आज की स्थिति यह है कि न तो हम सरकारी स्कूलों में बच्चों का दाखिला कर रहे हैं, और न ही गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार पर दबाव बना रहे हैं। ध्यान रखें, सरकारी स्कूल आपके ही द्वारा दिए गए टैक्स के पैसों से चलते हैं। क्या आप चाहते हैं कि आपके खर्चे से चलने वाला संस्थान खाली भवन और केवल शिक्षकों तक ही सीमित रह जाए?

आपका कर्तव्य बनता है कि आप सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाएं, यदि कोई कमी नजर आती है तो आवाज़ उठाएं। सरकार पर दबाव बनाएं कि वह गुणवत्ता सुनिश्चित करे। अब समय आ गया है पुनर्विचार करने का। आइए, निजी स्वार्थ छोड़कर समाजहित में सही कदम उठाएं।

**सुगाल चंद जैन, चेन्नई**

# निजी अस्पतालों के मुद्दों को लेकर हुई मप्र अस्पताल संघ की अहम बैठक



**भोपाल।** मध्यप्रदेश अस्पताल संघ ने भोपाल में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया, जिसमें प्रदेश भर के निजी अस्पताल संचालकों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य निजी स्वास्थ्य संस्थानों के सामने आने वाली प्रशासनिक और व्यवस्थागत चुनौतियों पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए रणनीति तैयार करना था।बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

इनमें सीएमएचओ कार्यालय से लाइसेंस नवीनीकरण में हो रही देरी, फायर एनओसी प्राप्त करने की जटिल प्रक्रिया, पंजीकृत किरायानामे से संबंधित दस्तावेजी अड़चनें, और आयुष्मान भारत योजना के तहत पैकेज स्वीकृति, क्लिनिकल कोड विस्तार और भुगतान प्रक्रिया में सुधार जैसे विषय शामिल रहे। संघ के अध्यक्ष डॉ. विशाल बघेल ने कहा, निजी अस्पताल प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। हमारा लक्ष्य है कि सभी प्रक्रियाएं सरल और पारदर्शी हों, जिससे मरीजों को निर्बाध रूप से बेहतर उपचार मिल सके। हम शासन के साथ सकारात्मक संवाद के जरिए समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संघ के सलाहकार अध्यक्ष डॉ. ज़ीशान अहमद ने जोड़ा, स्वास्थ्य सेवा एक साझा जिम्मेदारी है। निजी अस्पताल नियमों का पालन करने को तैयार हैं, लेकिन इसके लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और सहयोगात्मक बनाने की जरूरत है। हम एक बेहतर कार्य वातावरण के लिए प्रयासरत हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि संघ जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल गठित करेगा, जो स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर इन मुद्दों पर एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत करेगा। साथ ही, समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।सकारात्मक और सहयोगी माहौल में संपन्न हुई इस बैठक में भविष्य में नीति-निर्माण में निजी अस्पतालों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

# 22 महाविद्यालयों को नए भवन की सौगात मिली, 15-15 करोड़ से निर्मित होंगे नवीन भवन

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार के निर्देश अनुरूप, उच्च शिक्षा विभाग ने इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के शुरू होते ही 22 महाविद्यालयों के नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त कर ली है। महाविद्यालय बलवाड़ी (बड़वानी), भीमपुर (बैतूल), उदयनगर (देवास), चरगवां (जबलपुर), खालवा (खंडवा), भगवानपुरा एवं झिरन्या (खरगोन), राजोधा एवं बानमोर (मुरैना), ओरछा (निवाड़ी), खोरा (पन्ना), कुरई (सिवनी), दिनारा (शिवपुरी), माडा (सिंगरौली), कायथा (उज्जैन), घुवारा (छतरपुर), बिडवाल (धार), खिरकिया (हरदा), सुलतानपुर (रायसेन), गोविंदगढ़ (रीवा) के शासकीय महाविद्यालय एवं विधि महाविद्यालय सिवनी में नवीन महाविद्यालयों के भवन निर्मित किये जाने की स्वीकृति मिली हैं। इसके अतिरिक्त संस्कृत शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, पन्ना जिले के देवेन्द्र नगर स्थित संस्कृत महाविद्यालय के लिए भी नवीन भवन स्वीकृत किया गया है। इन महावि?द्यालयों के लिये औसत 15 करोड़ रुपए नवीन भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है।अगले चरण में प्रदेश के लगभग 35 अन्य महाविद्यालयों के नवीन भवनों के लिए स्वीकृति के लिए प्रयास किया जाएगा, इनमें से 16 महावि?द्यालयों के लिए भूमि प्राप्त कर ली गई है। इनमें से कई महाविद्यालय वर्ष 2023 में प्रारंभ हुए हैं एवं इनमें विद्यार्थियों की संख्या 100 से कम है, इसलिए विद्यार्थियों की संख्या एवं वित्तीय संसाधनों के अनुसार विभागीय कार्यवाही की योजना है।

# 54 साल बाद भारत ने किया कुछ ऐसा याद रखेगा पूरा पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने बुधवार देर रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (क्क्य) में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर बड़ी एयर स्ट्राइक की. इस सटीक और साहसिक कार्रवाई में भारतीय थलसेना, वायुसेना और नौसेना तीनों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया. यह पहली बार है जब 1971 की जंग के बाद तीनों सेनाओं ने एक साथ मिलकर पाकिस्तान के अंदर आतंकी ढांचे को ध्वस्त किया है. भारत ने जो लक्ष्य तय किए थे, उनमें से कई अंतरराष्ट्रीय सीमा से 100 किलोमीटर के अंदर स्थित थे. इनमें सबसे अहम था बहावलपुर जो जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ माना जाता है. इसके अलावा मुरीदके (लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना) 30 किलोमीटर और गुलपुर 35 किलोमीटर अंदर स्थित था. यह कार्रवाई दिखाती है कि भारत ने अपनी रणनीतिक गहराई और सटीक खुफिया जानकारी के साथ आतंकी ठिकानों को ढेर कर दिया. सेना के अनुसार, ये वही ठिकाने थे जहां से भारत के खिलाफ आतंकी हमलों की योजना बनाई जा रही थी. इस स्ट्राइक में जैश-ए-मोहम्मद का बहावलपुर मुख्यालय और लश्कर-ए-तैयबा का मुरीदके अड्डा मुख्य टारगेट रहे. कुल 9 ठिकानों पर हमले कर उन्हें पूरी तरह तबाह किया गया.

# पीड़ितों को मिला इंसाफ, मिशन को मिला नाम 'सिंदूर'




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार देर रात भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में एक संगठित और निर्णायक जवाबी कार्रवाई की। इस संयुक्त सैन्य ऑपरेशन में थलसेना, वायुसेना और नौसेना ने एक साथ मोर्चा संभालते हुए 9 आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर दिया। इस हमले में 100 से अधिक आतंकियों के मारे जाने की खबर है। इस रणनीतिक कार्रवाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी स्वयं इस पूरे अभियान की निगरानी कर रहे थे। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम इलाके में हुए क्रूर आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई थी। आतंकियों ने लोगों से उनका नाम और धर्म पूछकर निशाना बनाया था। इस भयावह हमले में मारे गए अधिकतर लोग पर्यटक थे और विशेष रूप से पुरुषों को निशाना बनाया गया था। इस हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया था और भारत ने निर्णायक कदम उठाने का मन बना लिया था।

इस सैन्य कार्रवाई से पहले भारत ने पाकिस्तान को कूटनीतिक और रणनीतिक स्तर पर घेरने की शुरुआत कर दी थी। सबसे पहले सिंधु जल समझौते को रद्द कर दिया गया। साथ ही, राजनयिक संबंधों में कटौती और व्यापार तथा डाक सेवाओं को बंद करने जैसे सख्त फैसले लिए गए। इन कदमों को भारत की तरफ से आने वाले बड़े एक्शन का संकेत माना जा रहा था। करीब रात 1 बजे भारतीय सेनाओं ने एक साथ मोर्चा खोलते हुए पाकिस्तान और पीओके के आतंकी अड्डों पर हमला किया। यह हमला बेहद सुनियोजित तरीके से चलाया गया जिसमें उच्च-स्तरीय खुफिया जानकारी और तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल हुआ। इस कार्रवाई के बाद सीमा पर तनाव की स्थिति बनी हुई है और रक्षा मंत्रालय पूरी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। पहलगाम की घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेहद नाराज थे। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ कई अहम बैठकों में भाग लिया। सूत्रों के मुताबिक पीएम ने सेनाओं को खुली छूट दे दी थी कि वे आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करें। बिहार के मधुबनी में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आतंकियों को चेतावनी देते हुए कहा था, इस बार ऐसा जवाब मिलेगा जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। और अब यह ऑपरेशन उसी चेतावनी की गूंज के रूप में सामने आया है।

# कायस्थम 12वीं ,10वीं बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट में आए समाज के बच्चों को सम्मानित करेगा

**भोपाल।** कायस्थम मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित 12वीं और 10 बोर्ड परीक्षा की मेरिट लिस्ट में आए कायस्थ समाज के छात्र - छात्राओं को सम्मानित करेगा। उक्त जानकारी देते हुए कायस्थम की सचिव डॉ . रश्मि सक्सेना ने बताया कि 12वीं एवं 10वीं की मेरिट सूची में जिन मेधावी चित्रांश छात्र - छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है, उन्हें अगले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा ।12वीं की मेरिट लिस्ट में जिन बच्चों ने अपना स्थान बनाया ,उनमे गणित संकाय में शीतल श्रीवास्तव शासकीय उमावि बरोदिया कला सागर ने 500 में से 482 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। कॉमर्स विषय की सूची में आस्था श्रीवास्तव आदित्य बिड़ला उमावि नागदा ,उज्जैन ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया है ।कृषि समूह में अक्षय खरे दिव्य संस्कार शिक्षण संस्थान उमावि चतुर्वेदी कांपलेक्स निवाड़ी ने 500 में से 480 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान और जीव विज्ञान विषय में इशिका श्रीवास्तव गार्जियन एंड गाइड पब्लिक उमावि, बैंक कॉलोनी, रघुराज नगर सतना ने 500 में से 475 अंक प्राप्त कर नौवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार दसवीं की बोर्ड परीक्षा में चित्रांश कुल के जिन छात्र - छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है ,उनमें तीन कायस्थ बालिकाएं सफल हुई है । इन तीनों ने मेरिट लिस्ट में दसवां स्थान प्राप्त किया है ।तीनों को एक समान 500 में से 491 अंक प्राप्त हुए हैं । इनमें नरसिंहपुर की कुमारी वत्सला श्रीवास्तव उमावि उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर,आयुषी भटनागर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय माधव नगर उज्जैन एवं कुमारी रोशनी खरे कन्या शासकीय उमावि बंडा, जिला सागर शामिल है । इन तीनों ने मेरिट लिस्ट में दसवां स्थान प्राप्त किया है। डॉ .रश्मि सक्सेना ने कायस्थम की ओर से इन सभी को बधाई और शुभकामनायें दी है ।

# भारत की एयर स्ट्राइक , पाकिस्तान में तबाह हुए आतंकियों के 9 ठिकाने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। यह कार्रवाई बुधवार रात डेढ़ बजे ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई। इस ऑपरेशन में बहावलपुर, मुरीदके, बाघ, कोटली, और मुजफ्फराबाद के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। ये वही ठिकाने थे, जहां से भारत पर आतंकी हमलों की साजिशें रची जा रही थीं। इस ऑपरेशन को %ऑपरेशन सिंदूर% का नाम दिया गया था, और यह तीनों सेनाओं का एक संयुक्त ऑपरेशन था। भारतीय वायुसेना, थलसेना और नौसेना ने मिलकर पाकिस्तान के 4 और क्क्य के 5 ठिकानों को निशाना बनाया। भारत की खुफिया एजेंसी क्क्ष् ने इन ठिकानों की पहचान की और उसके बाद पूरी रणनीति के तहत लश्कर और जैश के ठिकानों पर हमला किया।



भारत ने अपनी एयर स्ट्राइक के दौरान सिर्फ आतंकियों के लॉचिंग पैड को ही निशाना नहीं बनाया, बल्कि पाकिस्तान के अंदर हाफिज सईद और मोहम्मद मसूद अजहर जैसे प्रमुख आतंकवादी नेताओं के ठिकानों को भी ध्वस्त किया। यह कदम पाकिस्तान के आतंकवादियों के खिलाफ एक सख्त संदेश भेजने का प्रयास था, जो भारत के खिलाफ हमलों की साजिशें रचते हैं।

## ये ठिकाने हुए नष्ट

**1. बहावलपुर 100 किमी दूरः** बहावलपुर, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां पर जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय था, जिसे भारतीय सेनाओं ने इस एयर स्ट्राइक में पूरी तरह से नष्ट कर दिया।

**2. मुरीदके 30 किमी दूरः** मुरीदके, पाकिस्तान में स्थित एक महत्वपूर्ण आतंकी ठिकाना है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से 30 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां लश्कर-ए-तैयबा का शिविर था, जो 26/11 मुंबई हमले से जुड़ा था।

**3. गुलपुर 35 किमी दूरः** गुलपुर, जो कि पुंछ-राजौरी सेक्टर के पास स्थित है, स्लाइन ऑफ कंट्रोल से 35 किलोमीटर दूर है। इस क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियां चल रही थीं, जिसे अब भारतीय वायुसेना ने निशाना बना लिया।

**4. लश्कर कैंप सवाई 30 किमी दूरः** लश्कर कैंप सवाई, क्क्य के तंगधार सेक्टर के भीतर स्थित एक आतंकी ठिकाना था, जो भारतीय सीमा से 30 किलोमीटर दूर था। इसे इस स्ट्राइक में पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।

**5. बिलाल कैंप** जैश का लॉन्चपैड बिलाल कैंप जैश-ए-मोहम्मद का एक प्रमुख लॉन्चपैड था, जिसका इस्तेमाल आतंकियों को सीमा पार भेजने के लिए किया जाता था। इस ठिकाने को एयर स्ट्राइक में नष्ट कर दिया गया।

**6. कोटली 15 किमी दूर** कोटली, एलओसी से मात्र 15 किलोमीटर दूर स्थित लश्कर का एक प्रमुख शिविर था, जिसमें 50 से अधिक आतंकियों को प्रशिक्षित किया जा रहा था। इस शिविर पर भी हमले किए गए।

**7. बरनाला कैंप 10 किमी दूर** बरनाला कैंप, स्पष्ट से 10 किलोमीटर दूर स्थित एक आतंकवादी ठिकाना था। यह ठिकाना भी भारतीय वायुसेना के हमले का शिकार हुआ।

**8. सरजाल कैंप 8 किमी दूरः** सरजाल कैंप, सांबा-कठुआ के सामने इंटरनेशनल बॉर्डर से केवल 8 किलोमीटर दूर स्थित जैश का प्रशिक्षण केंद्र था। यह केंद्र भी इस एयर स्ट्राइक में नष्ट कर दिया गया।

**9. मेहमूना कैंप 15 किमी दूर** मेहमूना कैंप, सियालकोट के पास स्थित हिज्बुल मुजाहिदीन का प्रशिक्षण शिविर था। यह इंटरनेशनल बॉर्डर से 15 किलोमीटर की दूरी पर था और इसे भी भारतीय वायुसेना ने पूरी तरह से तबाह कर दिया।

## संपादकीय

# आतंक के खिलाफ निर्णायक जंग की ओर भारत

पहलगाम हमले के बाद जिस तरह दुनिया के अनेक देश भारत के समर्थन में खड़े नजर आ रहे हैं, उससे निश्चय ही पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध को बल मिला है। सब जानते हैं कि पाकिस्तान सदा से भारत के विरुद्ध आतंकवाद को पोसता और एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। विश्व आतंकवाद की सूची में भी वह दुनिया में सबसे ऊपर के देशों में शुमार है। इसलिए चीन को छोड़ कर शायद ही किसी का पाकिस्तान को खुला समर्थन है। पहलगाम की घटना के बाद देश में जनाक्रोश है। पर सरकार अभी रणनीतिक रूप से संयम बरत रही है, तो उसकी वजहें साफ हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा है कि सैन्य कार्रवाई समस्या का समाधान नहीं है। मगर रूस, जापान, अमेरिका आदि ने आतंकवाद से निपटने में भारत का समर्थन किया है। फिर भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। पहलगाम हमले के बाद से ही वह लगातार नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है। वह संघर्ष विराम का उल्लंघन कर एक तरह से भारत को उकसा रहा है। मगर भारत अभी सही समय के इंतजार में है। यह तो साफ है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए केवल सैन्य कार्रवाई काफी नहीं है। उसके खिलाफ लंबे वक्त की रणनीति बना कर हमले करने होंगे। इसलिए सरकार ने पहले उस पर आर्थिक आघात करने का निर्णय किया। उसमें सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया गया, पाकिस्तान से किसी भी प्रकार का आयात-निर्यात रोक दिया गया। माली बदहाली के बुरे दौर से गुजर रहे पाकिस्तान पर ये दो बड़े हमले हैं। उसके बाद सेनाध्यक्षों को कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी गई है। अब कई राज्यों में हवाई हमलों के वक्त नागरिकों को सतर्क रहने और सुरक्षा के अभ्यास कराए गए हैं। जाहिर है, जमीनी जंग की तैयारियां भी चल रही हैं। हालांकि कुछ लोग अब भी दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि पाकिस्तान पर हमले में देर नहीं होनी चाहिए। मगर अब तक के अनुभवों से जाहिर है कि तात्कालिक प्रतिक्रिया में की गई कार्रवाइयों का कोई उल्लेखनीय और स्थायी प्रभाव नहीं पड़ा है। पुलवामा और उड़ी हमले के बाद सेना ने पाकिस्तान सीमा में घुस कर लक्षित हमले किए थे, पर हकीकत यही है कि वहां आतंकी प्रशिक्षण शिविर बंद नहीं हुए हैं। ऐसे में, अगर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध के लिए ठंडे दिमाग से रणनीति बनाई जा रही है, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि उसका उल्लेखनीय नतीजा निकल सकता है। पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ आतंकवादी संगठनों को संरक्षण और प्रशिक्षण देती रही हैं। जाहिर है, इन दोनों को सबक सिखाए बगैर इस समस्या पर काबू पाने का भरोसा नहीं दिलाया जा सकता। मगर इसके लिए सैन्य कार्रवाई के समांतर ही वहां की सियासी हुकूमत पर नकेल कसना भी जरूरी है। हालांकि पाकिस्तान एक तरह से दुनिया से अलग-थलग पड़ चुका है और चीन की इमदाद पर उसका गुजारा चल पा रहा है। बाहरी रकम का बड़ा हिस्सा सेना के हिस्से चला जाता है। ऐसे में उसे बाहर से मिलने वाली इमदाद और उसकी अंदरूनी कमजोरियों पर भी हमला करना जरूरी माना जाता है। भारत उसे उन सभी मोर्चों पर घेरने और कमजोर करने में जुटा है। इस रणनीतिक घेरेबंदी से बेहतर नतीजों की उम्मीद है।

खुलासा.लाइव

# भारत ने की पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक; पहलगाम हमले के जवाबदेह आतंकियों के 9 ठिकानों पर दागीं मिसाइलें

## आतंकी मारे गए, एक दर्जन से ज्यादा आतंकियों के हताहत होने की खबर

**विक्रम सेन**

नई दिल्ली। भारत के पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों को मिट्टी में मिलाना शुरू कर दिया है. भारतीय सेना ने देर रात पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के नौ ठिकानों पर मिसाइलों से स्ट्राइक की है. पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद सेना ने दहशतगर्दों, उनके मददगारों को मुंहतोड़ जवाब दिया है.

जानकारी के मुताबिक, भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है. भारतीय सशस्त्र बलों इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया है.

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने आखिरकार पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर हमला कर दिया है. भारत आज यानी कि 7 मई को पूरे देश में मॉक ड्रिल कराने वाला था, इससे ठीक पहले भारत ने पाकिस्तान के तीन स्थानों पर मिसाइलों से हमला किया है. पाकिस्तानी सैन्य प्रवक्ता ने जानकारी दी हैं कि इस हमले में करीब एक दर्जन से ज्यादा आतंकियों के चपेट में आने की खबर है. जबकि 3 आतंकी मारे गए हैं और कई गंभीर घायल हैं।

पीओके में कई स्थानीय लोगों ने कहा कि मंगलवार आधी रात के बाद मुजफ्फराबाद शहर के आसपास के पहाड़ों के करीब पाकिस्तानी कश्मीर क्षेत्र में कई जोरदार विस्फोटों की आवाज सुनी गई. इन विस्फोटों के बाद शहर की बिजली गुल हो गई है. इन हमलों के बाद पाकिस्तान की सड़कों पर आधी रात को लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है.

प्राप्त जानकारी अनुसार भारत के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय बलों ने उन आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया है, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी



हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया था. कुल मिलाकर नौ जगहों को निशाना बनाया गया है. हमारी कार्रवाई केंद्रित, पहले से तय और प्रकृति में गैर-उग्र रही है. किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया है.

मंत्रालय ने आगे कहा कि भारत ने टारगेट के चयन और हमले के तरीके में काफी संयम दिखाया है. ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं, जिसमें 25 भारतीयों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी. हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा. मंत्रालय ने कहा कि जल्द ही 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी.

उधर पाकिस्तान ने भारत द्वारा पीओके में आतंकी संगठन पर हमले पर आहत होकर दुनिया के सामने आंसू बहाना शुरू कर दिया है. पाकिस्तान के डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि दोनों देशों के बीच तीव्र तनाव के बीच भारत ने कोटली, बहावलपुर और मुजफ्फराबाद में मिसाइल हमले किए हैं. यह एक कायरता पूर्ण हमला है.

ऑपरेशन सिंदूर% पर गरमाया अंतरराष्ट्रीय मंच - अमेरिका, पाकिस्तान और यूएन ने दी प्रतिक्रियाएं

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओजीके में आतंकी ठिकानों पर की गई ऑपरेशन सिंदूर कार्रवाई ने वैश्विक स्तर पर हलचल मचा दी है। भारत के इस निर्णायक कदम पर अब अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिक्रिया

व्हाइट हाउस से जारी बयान में ट्रंप ने कहा, यह शर्मनाक है। मुझे लगता है कि लोगों को पहले से अंदाज़ा था कि कुछ बड़ा होने वाला है। हमने ओवल ऑफिस के दरवाज़े के अंदर जाते वक्त इसकी गूंज सुनी।÷

ट्रंप की प्रतिक्रिया में अप्रत्यक्ष रूप से भारत की सैन्य कार्रवाई को ÷संभाव्य और अनुमानित÷ ठहराया गया है।

### पाकिस्तान का आक्रोश

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा÷यह भारत द्वारा थोपे गए युद्ध का कार्य है। पाकिस्तान को इसका पूरा और मज़बूत जवाब देने का अधिकार है और जवाब दिया जा रहा है। इस बयान ने भारत-पाक संबंधों में फिर से तनाव को उभार दिया है।

### संयुक्त राष्ट्र की संयम की अपील

ह महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान दोनों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने की अपील की है। उनके प्रवक्ता ने कहा कि क्षेत्रीय शांति बनाए रखना इस समय सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

### भारत का रुख साफ

भारत का कहना है कि यह हमला पूरी तरह गैर-उकसावे वाला, सीमित और केवल आतंकवाद के खिलाफ था। यह कोई युद्ध नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और न्याय का जवाब है।

# ये हैं कौन ,कहाँ से आते हैं और इन्हें भेजता कौन है ?



**तनवीर जाफ़री**

भीष्म साहनी द्वारा लिखित लोकप्रिय उपन्यास तमस का प्रकाशन 1973 में हुआ था। साहित्य जगत में यह उपन्यास बहुत ही लोकप्रिय हुआ था। इसे 1975 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी नवाज़ा गया। प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता गोविंद निहलानी ने 1986 में इसी तमस उपन्यास पर आधारित एक दूरदर्शन धारावाहिक तथा एक फ़िल्म भी बनाई। इस में भारत पाक विभाजन के समय की कई दर्दनाक घटनाओं का वर्णन किया गया है। इसी में यह भी दिखाया गया था कि किस तरह साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये कोई मुसलमान ही किसी मस्जिद में सूअर का मांस फेंक देता है और कोई हिन्दू मंदिरों में गौमांस फेंककर साम्प्रदायिक तनाव के वातावरण में पेट्रोल छिड़कने जैसे काम करता है। गोया यह एक पुरानी व सधी हुई रणनीति है जोकि विघटनकारी मानसिकता रखने वाले राजनीतिज्ञों द्वारा साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये और उसके बाद उसका राजनैतिक लाभ उठाने के लिये अमल में लाई जाती है।

तो क्या 1947 जैसी साम्प्रदायिक मानसिकता रखने वाले षड़यंत्रकारी राजनीतिज्ञों द्वारा देश की स्वतंत्रता के लगभग आठ दशक बाद आज भी उसी तरह का घिनौना खेल खेला जा रहा है ? क्या आज भी देश के विभिन्न इलाक़ों में उसी तरह की शक्तियां सक्रिय हैं जो वेश बदलकर या लुका छुपी कर साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने व दंगे भड़काने में अहम किरदार निभा रही हैं। गत कई वर्षों से इसतरह की ख़बरों की सोशल मीडिया व अख़बारों में बाढ़ सी आई हुई है। जबकि इतने गंभीर विषय पर देश का स्वयंभू मुख्यधारा का मीडिया ख़ामोश रहता है। मिसाल के तौर पर हमारे देश में गौकशी या गौमांस का मुद्दा बेहद संवेदनशील मुद्दा है। उत्तर प्रदेश व अन्य कई राज्यों में गौ तस्करी या गोहत्या के मामाले सामने आये। कई मामलों में आरोपियों को पीट पीट कर मार डाला गया। कई का पुलिस एनकाउंटर किया गया। ज़ाहिर है ऐसे मामलों में मुसलमान ही प्रायः निशाना बनते रहे हैं। परन्तु जब पुलिस उत्तर प्रदेश के बिजनौर में राहुल, सचिन और बृजपाल को कार में दो क्विंटल गोमांस के साथ गिरफ़्तार करती है तो इसे किस नज़रिये से देखा जाना चाहिये ? जब आगरा और मुरादाबाद में भी पुलिस गोहत्या के मामले में हिंदूवादी कार्यकर्ताओं को गिरफ़्तार करे तो क्या कहा जाये ? इसी तरह इसी वर्ष गत 12 मार्च को ग़ाज़ियाबाद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने गौशाला में मांस रखकर उसे गौमांस बताने और धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की। पुलिस को पता चला कि यह साज़िश पास की ही एक दूसरी गौशाला की संचालक छाया शर्मा और उसके साथियों ने रची थी। उनका मक़सद श्रीराम गौशाला पर क़ब्ज़ा जमाना और धार्मिक माहौल ख़राब करना था। छाया शर्मा के साथियों ने स्वयं बाज़ार से मांस ख़रीदकर गौशाला में रखा और फिर गौरक्षकों को सूचना देकर साम्प्रदायिकता भड़काने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में योगेश चौधरी और शिवम को गिरफ़्तार किया था जिन्होंने बाद में यह स्वीकार किया था कि उन्होंने ही हिंडन विहार की किसी मांस की दुकान से मांस ख़रीदा और गौशाला में मांस रख कर ख़ुद ही फ़र्ज़ी नाम से गौरक्षकों को फ़ोन कर गौशाला में मांस होने की सूचना दी। बाद में इन्होंने अपना फ़ोन भी बंद कर दिया ताकि किसी को उन पर संदेह न हो। पूरे देश में अब तक ऐसे सैकड़ों मामले उजागर हो चुके हैं जिससे पता चलता है कि बड़े षड़यंत्र के तहत धर्म विशेष के लोगों के प्रति नफ़रत व ग़ुस्सा पैदा करने के लिये ऐसे कुकृत्य किये जाते हैं।

इसी तरह कई मामले पाकिस्तानी झंडों व पाकिस्तान ज़िंदाबाद के नारों को लेकर सामने आ चुके। अभी पिछले ही दिनों लुधियाना के थाना हैबोवाल क्षेत्र स्थित सिद्धपीठ महाबली संकटमोटन श्री हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार पर मंगलवार को पाकिस्तान का झंडा लगा पाया गया। बताया जाता है कि यहाँ हर मंगलवार को 10 से 15 हज़ार तक श्रद्धालु मंदिर में दर्शनार्थ आते हैं। इसी मंदिर के चेयरमैन ऋषि जैन ने आरोपी की पहचान विक्रम आनंद व उसके अज्ञात साथी के रुप में की है। यह सब मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में देखा गया। पहलगाम हादसे के बाद देश का माहौल और भी ख़राब करने के उद्देश्य से पाकिस्तान का झंडा लगाया गया था। पुलिस ने इस मामले में केस भी दर्ज किया है। बिल्कुल इसी तरह की घटना पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना ज़िले के अकाईपुर रेलवे स्टेशन पर पिछले दिनों घटी। यहाँ रेलवे स्टेशन की दीवार पर कुछ लोगों ने पाकिस्तानी झंडा लगाया और हिंदुस्तान मुर्दाबाद जैसे भारत विरोधी नारे लिखे। निश्चित रूप से पहलगाम हमले के बाद अंजाम दी गयी इस हरकत का मक़सद भी क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव फैलाना व दंगे भड़काना ही था। परन्तु पुलिस ने इन मामले में जिन दो लोगों को गिरफ़्तार किया है वे सनातनी एकता मंच नामक संगठन के सदस्य निकले जिनके



नाम चंदन मलाकार और प्रज्ञाजीत मंडल हैं। यह दोनों आरोपी एक राजनैतिक दल से भी जुड़े बताये गए हैं।

देश में इससे मिलती जुलती अनेक घटनायें यहाँ के साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगड़ने के मक़सद से होती रही हैं। वेश बदलकर इस तरह की हरकतों को अंजाम देना निश्चित रूप से किसी साधारण व्यक्ति का काम तो हरगिज़ नहीं हो सकता। निःसंदेह इसतरह की साज़िशों के पीछे उसी मानसिकता के लोग हैं जिन्होंने पहलगाम नरसंहार अंजाम दिया और पर्यटकों को उनका धर्म पूछ कर मारा। जो सन्देश वह आतंकी देना चाहते थे कि भारत में साम्प्रदायिक माहौल ख़राब हो और हिन्दू मुस्लिम एक दूसरे की जान के दुश्मन बन जायें। बिल्कुल वही मक़सद इन घरेलू आतंकियों का भी है। हो सकता है ऐसे कुछ ही मामलों का भंडाफोड़ हो पाता हो और कई जगहों पर यह अपने नफ़रती एजेंडे को फैलाने व हिंसा भड़काने में कामयाब भी हो जाते हों। पंजाब से लेकर बंगाल तक और वह भी पहलगाम हमले के बाद देश में उपजे तनावपूर्ण माहौल के बीच इसतरह की घटनाओं को अंजाम दिया जाना, यह कोई साधारण घटना नहीं है। इसके पीछे बहुत बड़ा षड़यंत्र है। और वही ताक़तें इसके पीछे हैं जिन्हें इसतरह के माहौल से राजनैतिक लाभ हासिल होता है। लिहाज़ा इस बात का पता लगाना बहुत ज़रूरी है कि वेश बदलकर या लुकछुप कर देश में साम्प्रदायिकता की आग लगाने वाले ये दुष्ट लोग हैं कौन ,कहाँ से आते हैं और इन्हें भेजता कौन है।

## रवीन्द्रनाथ टैगोर जयन्ती - 7 मई, 2025

# रवीन्द्रनाथ टैगोर: रोशनी जिनके साथ चलती थी



**ललित गर्ग**

भारत का राष्ट्र-गान 'जन गण मन' और बाँग्लादेश का राष्ट्रीय गान 'आमार सोनार बांङ्ला' के रचयिता एवं भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर की जन्म जयंती हर साल 7 मई को मनाई जाती है। वे एक महान एवं विश्वविख्यात कवि, लेखक, साहित्यकार, दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार थे। उन्हें बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा, युगस्रष्टा एवं युग-निर्माता माना जाता है। रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी अनूठी, हृदयस्पर्शी एवं आध्यात्मिक रचनाओं के लिए लोग गुरुदेव कहकर पुकारते हैं। उनका जन्मदिन केवल जन्म का जश्न मनाने के लिए नहीं है, बल्कि उनके विचारों और मूल्यों को याद करने और उनके सद्भाव, संपूर्णता और अखंडता के आदर्शों और आकांक्षाओं के अमूल्य योगदान का सम्मान करने का भी एक अवसर है। टैगोर एक ऐसे दिव्य एवं अलौकिक व्यक्ति एवं समाजक्रांति के प्रेरक थे, रोशनी जिनके साथ चलती थी।

रवीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। उनकी आरम्भिक शिक्षा प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में हुई। उन्होंने बैरिस्टर बनने की इच्छा में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश लौट आए। सन् 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। टैगोर परिवार बंगाल पुनर्जागरण के समय अग्रणी था। उन्होंने साहित्यिक पत्रिकाओं का प्रकाशन किया; बंगाली और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत एवं रंगमंच और पटकथाएं वहां नियमित रूप से प्रदर्शित हुई थीं। टैगोर के सबसे बड़े भाई द्विजेंद्रनाथ एक दार्शनिक और कवि थे एवं दूसरे भाई सत्येंद्रनाथ कुलीन और पूर्व में सभी यूरोपीय सिविल सेवा के लिए पहले भारतीय नियुक्त व्यक्ति थे। एक भाई ज्योतिरिंद्रनाथ, संगीतकार और नाटककार थे एवं इनकी बहिन स्वर्णकुमारी उपन्यासकार थीं। टैगोर ने लगभग 2,230 गीतों की रचना की। रवींद्र संगीत बाँग्ला संस्कृति का अभिन्न अंग है। टैगोर के संगीत को उनके साहित्य से अलग नहीं किया जा सकता। उनकी अधिकतर रचनाएं तो अब उनके गीतों में शामिल हो चुकी हैं। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की ध्रुवपद शैली से प्रभावित ये गीत मानवीय भावनाओं एवं संवेदनाओं के अलग-अलग रंग प्रस्तुत करते हैं।

गुरुदेव टैगोर की कविताओं में हमें अस्तित्व के असीम सौन्दर्य, प्रकृति और भक्ति के दर्शन होते हैं। उनकी बहुत-सी कविताएं प्रकृति के सौन्दर्य से जुड़ी हैं। गुरुदेव ने जीवन के अंतिम दिनों में चित्र बनाना शुरू किया। इसमें युग का संशय, मोह, क्लान्ति और निराशा के स्वर प्रकट हुए हैं। मनुष्य और ईश्वर के बीच जो चिरस्थायी सम्पर्क है, उनकी रचनाओं में वह अलग-अलग रूपों में उभरकर सामने आया। टैगोर और महात्मा गाँधी के बीच राष्ट्रीयता और मानवता को लेकर हमेशा वैचारिक मतभेद रहा। जहां गांधी पहले पायदान पर राष्ट्रवाद को रखते थे, वहीं टैगोर मानवता को राष्ट्रवाद से अधिक महत्व देते थे। लेकिन दोनों एक दूसरे का बहुत अधिक सम्मान करते थे। एक समय था जब शान्ति निकेतन आर्थिक कमी से जूझ रहा था और गुरुदेव देश भर में नाटकों का मंचन करके धन संग्रह कर रहे थे, उस समय गांधीजी ने टैगोर को एक बड़ी राशि का अनुदान का चेक दिया था।




टैगोर के कई गीतों और कहानियों ने मानव चेतना को बदलने और कार्य करने के लिए साहस और प्रतिबद्धता को प्रेरित किया। उन्होंने कला का अभ्यास कला के लिए नहीं किया, न ही आत्म-अभिव्यक्ति के तरीके के रूप में और कम से कम मनोरंजन के लिए तो कत्तई नहीं किया, बल्कि उनकी कला भी नये मानव एवं नये विश्व की संरचना से प्रेरित थी। उनकी कला जीवन के गहरे अर्थ को स्पष्ट करने और आत्मा को ठीक करने की पेशकश थी। अपने शिल्प के उस्ताद के रूप में, टैगोर ने कविता की शुद्धता को जीने के उद्देश्य के साथ जोड़ा। उन्होंने न केवल अपने जीवन में मृत्यु, अवसाद और निराशा के कारण अनुभव किए गए दुख और पीड़ा को ठीक किया, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज के भीतर अन्याय और असमानता के घावों को भरने के लिए भी काम किया। उन्होंने उन्नत कृषि, अच्छे स्कूलों, आरामदायक आर्थिक स्थितियों और बेहतर जीवन स्तर के माध्यम से मानव समुदायों के बाहरी विकास के लिए काम किया, लेकिन साथ ही उन्होंने आत्मा के नवीनीकरण, आत्मा की देखभाल, हृदय को पोषण और कल्पना को पोषित करने के माध्यम से आंतरिक विकास पर जोर दिया। वे एक ऐसे पुरुषार्थी पुरुष का महापुरुष के रूप में जाना पहचाना नाम है, जिन्होंने हर इंसान के महान् बनने का सपना संजोया और उसके लिये उनके हाथ में सुनहरे सपनों को साकार होने की जीवनशैली भी सौंपी।

टैगोर गहन आध्यात्मिक एवं साधक पुरुष थे, उन्होंने अध्यात्म के गहन रहस्यों को उद्घाटित किया। उनके अनुसार मौन की भाषा शब्दों की भाषा से किसी भी रूप में कमजोर नहीं होती, बस उसे समझने वाला चाहिए। जिस प्रकार शब्दों की भाषा का शास्त्र होता है, उसी प्रकार मौन का भी भाषा विज्ञान होता है। मौन को समझा तो जा सकता है, पर समझाया नहीं जा सकता। संभवतः इसीलिए रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि मौन अनंत की भाषा है। टैगोर अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वयक थे। टैगोर ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भौतिक कल्याण के साथ आध्यात्मिक विकास की आवश्यकता व्यक्त की। एक के बिना दूसरा एक पैर पर चलने जैसा है। वे आध्यात्मिक-वैज्ञानिक व्यक्तित्व निर्माण के प्रेरक थे। इस संतुलित और समग्र विश्वदृष्टि की अब पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है, क्योंकि यह हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और लचीले भविष्य के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता एवं शर्त है। शुद्ध तर्क और शुद्ध भौतिकवाद उतने ही विनाशकारी हैं, जितने कि विशुद्ध रूप से व्यक्तिगत मोक्ष की खोज। टैगोर ने विज्ञान और तर्क के माध्यम से सत्य की खोज करते हुए शब्दों और कर्मों में शाश्वत ज्ञान और कालातीत मूल्यों को व्यक्त किया। टैगोर का विश्वदृष्टि तर्क और धर्म, आत्मा और पदार्थ की एकता को देखना और उन्हें एक साथ नृत्य करने देना है। यह एक बड़ी दृष्टि है जहाँ विज्ञान आध्यात्मिकता का पूरक है, कला पारिस्थितिकी का पूरक है और स्वतंत्रता समानता का पूरक है।

रवीन्द्रनाथ टैगोर ने हमें नस्ल, रंग, धर्म, सम्प्रदाय, भाषा और राष्ट्र की अपनी क्षुद्र पहचान से ऊपर उठने और अपनी सामान्य मानवता के साथ पहचान बनाने का आग्रह किया। उन्होंने मानवता की एकता और स्वतंत्रता, न्याय और शांति के सर्वोपरि महत्व की घोषणा करते हुए अमेरिका से रूस, चीन से अर्जेंटीना तक समूचे विश्व की अथक यात्रा की। उन्होंने अपने लाखों देशवासियों को अपने संकीर्ण स्वार्थ को त्यागने और राष्ट्रीयता, समानता, एकजुटता और नैतिकता को अपनाने के लिए अपने जातिगत पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आत्म-भोग को त्याग दिया और सामाजिक विभाजन को दूर करने के लिए अथक प्रयास किया। विशेष रूप से उन्होंने विज्ञान और अध्यात्म के बीच की खाई को भरने की कोशिश की। रबीन्द्रनाथ टैगोर प्रेरणाएं इतनी विविधमुखी थी कि उनसे जीवन का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा। चाहे वह आपसी संबंध हो, सामाजिक संबंध हो, आर्थिक संबंध हो या राजनीतिक संबंध हो- हर तरह के जीवन को उन्होंने प्रेरक बनाने का उपक्रम किया। वे कभी घटना से, कभी शब्दों से, कभी क्रिया से, कभी पत्रों से, तो कभी किसी उदाहरण या संस्मरण से व्यक्ति की चेतना को झकझोर कर आदर्श और ज्ञान के प्रति अनुराग और जोश जगाते थे। वे इस कला में निष्णात थे कि कब किसको किन शब्दों में उचित प्रेरणा दी जाए।

रवीन्द्रनाथ टैगोर के पुरुषार्थी जीवन की एक पहचान थी गत्यात्मकता। वे अपने जीवन में कभी कहीं रुके नहीं, झुके नहीं। प्रतिकूलताओं के बीच भी अपने अपने लक्ष्य का चिराग सुरक्षित रखा। इसलिए उनकी हर सांस अपने दायित्वों और कर्तव्यों पर चौकसी रखती थी। खून पसीना बनकर बहता था। रातें जागती थी। दिन संवरते थे। प्रयत्न पुरुषार्थ बनते थे और संकल्प साधना में ढलते थे। यही कारण है कि आज उनके प्रयत्नों से न केवल भारतीय समाज बल्कि विश्व मानवता का जीवन प्रेरक बना है, सार्थक बना है और वे सभी उस महामानव को तहेदिल से याद करते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# अब तक जिले में कुल 68929 क्विंटल गेहुं का किया गया उपार्जन

**शहडोल।** जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जानकारी दी है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं उपार्जन का कार्य 15 मार्च 2025 से 05 मई 2025 तक किया जाना है। गेहूं का समर्थन मूल्य 2425/- रू। एवं म।प्र। सरकार का बोनस 1।5/- रूपये कुल 2600/-रूपये में प्रति क्विटल पर गेहूं उपार्जन जा रहा है। गेहूं उपार्जन केवल पंजीकृत किसानों से ही किया जावेगा। उन्होनें बताया कि जिले में कुल 9880 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराया गया है। गेहूं विक्रय के लिए अब तक 34।6 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई जा चुकी है। जिन किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु तैयार हो गया है, वे किसान स्लॉट बुक कराकर निर्धारित तिथि में ही अपने तहसील अन्तर्गत नजदीकी उपार्जन केन्द्र में जाकर गेहूं विक्रय कर सकते है और किसान दिन शनिवार एवं रविवार (सप्ताह में पूरे दिन) भी अपना स्लॉट बुक कराकर गेहूं विक्रय कर सकते है। उन्होनें किसानों से अपील करते हुए कहा है कि किसान गेहूं साफ-सुथरा, अच्छी गुणवत्ता एवं सुखाकर विक्रय हेतु केन्द्रों पर लावे, जिससे उनका गेहूं अमानक न हो और नियमानुसार गेहूं खरीदी हो सके तथा किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। जिले में अब तक कुल 1581 किसानों से 68929 क्विटल गेहूं खरीदा जा चुका है।

# 11 स्थानों से अवैध शराब जब्त

**शहडोल।** शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे जिले भर में पुलिस अभियान चलाकर कार्यवाही कर रही है। इसी के तहत शुक्रवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र की पुलिस ने ग्यारह स्थानों पर दबिश देकर शराब जब्त करते हुए प्रकरण दर्ज किए। इस छापामार कार्रवाई में 11 स्थानों से 5। लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 24 पाव देशी प्लेन मदिरा शराब जिसकी कुल कीमत 8520 रुपए जब्त करते हुए सभी आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए है।

# अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरु के दिव्य दर्शन एवं माँ नर्मदा संवाद 8 मई को स्मृति लॉन में



**सिवनी-** 1600 दिनों से अखंड जारी सदी की सबसे कठोर निराहार महाव्रत साधना कर रहे अंतराष्ट्रीय संत अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरु भगवान का शिव की नगरी सिवनी में 8 मई को आगमन होने जा रहा हैं। जहाँ वे माँ नर्मदा,धर्म,धेनु, धरा, प्रकृति, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर संवाद करेंगे। दादा गुरु भगवान परिवार जिला सिवनी द्वारा बताया गया कि, इस कार्यक्रम का आयोजन 8 मई 2025 दिन गुरुवार तिथि मोहनी एकादशी को नगर के स्मृति लॉन बाहुबली चौक बारापत्थर सिवनी में होगा। श्री दादा गुरु का आगमन दोपहर 2꞉00 बजे छिंदवाड़ा रोड बाईपास पर होगा वहां से सभी भक्त मंडल के साथ दादा गुरु साथ छिंदवाडा चौक, नगरपालिका चौक, रानी दुर्गावती चौक, सिंधिया चौक होते हुये बाहुबली चौक से स्मृति लॉन पहुंचेंगे। जहाँ भजन मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति, दादा गुरूजी का सत्संग एवं नर्मदा संवाद तथा माँ नर्मदा की महाआरती के पश्चात दादा गुरू का पूजन अर्चन के बाद छपारा के लिये प्रस्थान करेंगे जहाँ राम मंदिर छपारा से रामघाट छपारा तक भव्य शोभा यात्रा तथा रामघाट, गोल्डन टेम्पल में प्रत्येक एकादशी में होने वाली माँ वेनगंगा की महाआरती में सम्मिलित होंगे। दादा गुरु भगवान परिवार जिला सिवनी नें सभी धर्मप्रेमी, पर्यावरण प्रेमी से अपील की है कि कार्यक्रम में पारम्परिक परिधान में उपस्थित होकर दादा गुरु के दिव्य दर्शन कर पुन्यलाभ अर्जित करें।

# एक शाम सिवनी के नाम



**सिवनी** स्वास्थ्य के लिए सुबह की सैर और शाम का सुमधुर संगीत बहुत ही फायदेमंद होता है। दोस्तों जांन है तो जहान है स्वस्थ रहें मस्त रहें। इसी को ध्यान रखते हुए सिवनी वासियों के लिए 8 मई 2025 को शाम 7 बजे से नगर के हृदय स्थल गांधी चौक शुक्रवारी बाजार में सिद्धू हॉस्पिटल की प्रथम वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में नागपुर के 5 सुप्रसिद्ध डॉक्टरों की उपस्थिति में नागपुर के प्रसिद्ध ओशो म्यूजिकल ग्रुप और सिवनी के म्यूजिकल ड्रीम्स इवेंट के सहयोग से स्वस्तिका ठाकुर (स्वर्ण स्वर भारत जी टीवी फाइनल विजेता) और गोल्डी हुमने (इंडियन आइडल) स्टार सिंगरों के साथ सिवनी से अभिषेक बेदी, आशीष पाठक, पिंकी उपाध्याय, हनी गुप्ता नागपुर के उदय म्यूजिकल बैण्ड के साथ आपका मनोरंजन करेंगे।

एक शाम सिवनी के नाम संगीतमय इस कार्यक्रम में नगर कि विभिन्न प्रतिभाओं, समाजसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। सिवनी के म्यूजिकल ड्रीम्स इवेंट द्वारा आगामी दिनों में संगीत की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए नागपुर के प्रसिद्ध ओशो म्यूजिकल ग्रुप के मंच पर उन प्रतिभाओं का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संगीतमय कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति बहुमूल्य है सपरिवार पधारकर स्वास्थ्य के लिए सुमधुर संगीत का आनंद लें।



सुल्तानपुर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिंह पटेल को उत्कृष्ट कार्यो के लिए गोवा में सम्मानित किया गया ज्ञात रहे युवा तुर्क लगन शील समाज सेवक रूप में प्रकाश सिंह पटेल को सम्मानित किया गया

# छाया लोधा ने समाज व स्कूल का नाम रोशन किया



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** सरदार पटेल हाई स्कूल गौहरगंज की छात्रा कु. छाया वर्मा पिता हरिओम वर्मा माता श्रीमति मंजू वर्मा अमोदा ने हाई स्कूल की परीक्षा 88.6त्न अंको से उत्तीर्ण की।। छाया ने अपने प्रथम आने का श्रेय अपने माता पिता व परिवार जनो को दिया। छाया के प्रथम आने पर नाना ,नानी बालाप्रसाद लोवंशी, श्रीमति शारदा लोवंशी सतलापुर, उमेश लोवंशी हाजली, रवि लोवंशी, कपिल लोवंशी, और सभी परिवार जनो, रिश्तेदारो, और वरिष्ठ जनो ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# निशी लोधा ने समाज व स्कूल का नाम रोशन किया



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** क्राइस्ट विद्या भवन ओबेदुल्लागंज की छात्रा कु. निशी लोवंशी पिता लक्ष्मन लोवंशी ग्राम-हाजली ने हाई स्कूल की परीक्षा 94.6त्न अंको से उत्तीर्ण की।। निशी ने अपने प्रथम आने का श्रेय अपने माता पिता व परिवार जनो को दिया। निशी के प्रथम आने पर प्रहलाद पटेल हाजली, दादा केसरी सिंह, उमेश लोवंशी, धर्मेन्द्र लोवंशी, सुदर्शन लोवंशी, नरेन्द्र लोवंशी, देवेंद्र लोवंशी मेंदुआ और सभी परिवार जनो, रिश्तेदारो, और वरिष्ठ जनो ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# चक्षु अभियान में सहयोगी अग्रवाल समाज का सीएसपी ने किया सम्मान



**छतरपुर।** अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चक्षु अभियान के तहत अग्रवाल समाज द्वारा एक लाख रूपए का सहयोग प्रदान करने पर नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में सम्मान पत्र भेंट कर अग्रवाल समाज का सम्मान किया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर दाऊ, संरक्षक हरि प्रकाश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल के साथ ही शरद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, सौरभ सन्नी, राधा वल्लभ अग्रवाल, शैलेन्द्र अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, जीतेन्द्र अग्रवाल, कृष्णकुमार पप्पू अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल आदि ने सम्मान पत्र प्राप्त किया। सीएसपी अमन मिश्रा के आग्रह पर अग्रवाल समाज के संरक्षक हरि प्रकाश अग्रवाल ने समाज बंधुओं से एक लाख रुपए की सहयोग राशि एकत्र कर उन्हें चक्षु अभियान के क्रियान्वयन के लिए शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए सौंपी है। इसमें महेंद्र देवेंद्र अग्रवाल, शरद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल नगर सेठ, दुर्गा ज्वैलर्स, सौरभ ज्वैलर्स और अजय अग्रवाल मम्मू ने 10-10 हजार, हरि प्रकाश अग्रवाल, मुनू अग्रवाल, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, अशोक बाबा, राधा वल्लभ अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल बृजपुरा, भगवत शरण अग्रवाल और पप्पू कृष्णकुमार अग्रवाल ने 5-5 हजार रूपए की राशि का सहयोग प्रदान किया। सब मिलाकर कुल एक लाख रुपए की राशि सीएसपी अमन मिश्रा को समाज की ओर से भेंट की गई है।

# नरसिंहपुर जिला तीसरी बार प्रदेश में अव्वल आने पर मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनायें

## हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम जारी, कलेक्टर ने किया विद्यार्थियों को सम्मानित



**नरसिंहपुर,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2024- 25 की घोषणा मंगलवार को की गई। मुख्यमंत्री ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में नरसिंहपुर जिले ने लगातार तीसरी बार प्रदेश में अव्वल आने पर हार्दिक शुभकामनायें दी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024- 25 में कक्षा 12 वीं में शासकीय स्कूलों में 91.9 प्रतिशत और कक्षा 10 वीं में शासकीय स्कूलों में 93.69 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है, जो मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान आया है। कक्षा 10 वीं में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 13.69 प्रतिशत और कक्षा 12 वीं में 10.90 प्रतिशत बढ़ा है। कक्षा 12 वीं में 21 विद्यार्थियों और कक्षा 10 वीं में 7 विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों, और शिक्षकों को शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे माता-पिता, शिक्षकों और स्वयं के निरंतर प्रयासों का बहुत बड़ा योगदान है। कलेक्टर ने कहा कि जो विद्यार्थी सफल नहीं हो पाये हैं, वे निराश नहीं हों। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता, बस जरूरत होती है सही दिशा, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास की। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की कक्षा 10 वीं की छात्रा राजेश्वरी लोधी ने 500 में से 494 प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 7 वाँ स्थान प्राप्त किया तो वहीं छात्रा वत्सला श्रीवास्तव ने 500 में से 491 और छात्र रामकुमार सोनी ने 500 में से 491 अंक अर्जित कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 10 वाँ स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय है ये उक्त तीनों शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के विद्यार्थी है। कलेक्टर ने इनकी इस सफलता विद्यार्थियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाई। उन्हें शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, प्राचार्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# वीर कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में ईगल 11 को पटेल 11 ने हराया




**दमोह।** नगर के तहसील ग्राउंड पर स्मृति हरि सिंह हजारी स्वर्गीय भोला शर्मा जी स्वर्गीय प्रेम शंकर मुन्ना राय जी एवं रणवीर सिंह हजारी वीर फ्रेंड्स क्लब के तत्वाधान में सीजन 4 डी पी एल दमोह प्रीमियर लीग डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मैच ईगल 11 व पटेल 11 के मध्य खेला गये शानदार मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए ईगल 11ने 10 ओवर में 75 रन बनाए जिसका पीछा करने उतरी पटेल 11 की टीम ने बड़े ही आसानी से 76 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली इस दौरान पटेल 11 के बल्लेबाज राघवेंद्र पटेल मैन ऑफ द मैच और बेस्ट बल्लेबाज के तौर पर सम्मानित इस दौरान उपविजेता रही टीम ईगल ईगल 11 के कप्तान राकेश दुबे मैन ऑफ द सीरीज एवं बेस्ट बॉलर अवार्ड से सम्मानित हुए.

विजेता रही पटेल 11 में खेल रहे खिलाड़ियों के नाम राघवेंद्र पटेल, सौरव पटेल, कैलाश पटेल, विनय पटेल, करन पटेल, विजय पटेल, कैलाश विश्वकर्मा, दीपक पटेल, योगेश पटेल, विजय पटेल, उदय पटेल। इसी प्रकार उपजीता रही ईगल 11 में खेल रहे खिलाड़ियों के नाम राकेश दुबे, आदिल खान, सौरव यादव, वसीम कुरेशी, जीनु नवोदित, दीपक विश्वकर्मा, नरेश पटेल, रतन, सरफराज बिजली, अजीम, अय्या। इस मैच के अंपायर कैलाश पटेल सागर अभिषेक सागर कॉमेंटेटर डॉ समीम, शोएब पठान, गोपाल पटेल, भानु पटेल, फाइनल मुकाबले की इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाव सिंह मासाहब पूर्व तहसील अध्यक्ष अध्यक्ष लोधी क्षत्रिय सभा दमोह, पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे,पार्षद एवं सांसद प्रतिनिधि यशपाल ठाकुर, युवा नेता सिद्धार्थ मलैया, कोतवाली टीआई मनीष कुमार मौजूद रहा.

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**छतरपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छतरपुर पार्थ जैसवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे स्थित ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम मिलिंद नागदेवे, कोषालय अधिकारी विनोद श्रीवास्तव एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने ई.व्ही.एम. मशीनों की सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीव्ही कैमरों की लगातार हो रही रिकॉर्डिंग को चेक किया। इस दौरान सुरक्षा गार्ड्स भी मुस्तैद मिले। इस आशय की रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गई। इस दौरान निरीक्षण के संधारित रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रति माह ई.व्ही.एम के बंद गोदाम एवं तीन माह में गोदाम को खोलकर चेक किया जाता है।

## जल ही जीवन है,इसे व्यर्थ न बहाएं,

# जनता को पानी भी पिलाएं और पानी भी बचाएं ये आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है: इंजीनियर

## 7 पंचायतो को विधायक निधि से सौपे 7 पानी के टैंकर,सरपंचों ने किया आभार व्यक्त



**आष्टा ।** जल ही जीवन है, जितने पानी की आवश्यकता हो उतना ही हम सब उपयोग करे,व्यर्थ में पानी को बर्बाद ना होने दे,क्योकि आज बूंद बूंद पानी का महत्व है। भीषण गर्मी की दस्तक शुरू हो गई है,ग्रामीण क्षेत्रो में जमीनी जल स्तर धीरे धीरे नीचे उतरता जा रहा है । आने वाले दिनों में गर्मी का पारा ओर बढेगा ऐसे में किसी को पानी की समस्या का सामना ना करना पड़े उसको ध्यान में रखते हुए मप्र सरकार द्वारा शुरू किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने विधायक निधि से आष्टा क्षेत्र की 7 पंचायतो को 7 पानी के टैंकर उपलब्ध कराए है । आज विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र की 7 ग्राम पंचायतो पगारिया हॉट, हकीमपुर, बड़खोला, किल्लोद, गुराड़िया रूपचंद, भूफोड़, छापर को

विधायक कार्यालय पर एक सादे समारोह में सभी पंचायतो के सरपंचों को पेयजल हेतु टैंकर प्रदान किये । विधायक ने सभी टैंकरों को हरी झंडी दिखा कर पंचायतो के लिये रवाना किया । इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की इन टैंकरों के माध्यम से ग्रामवासियों को सुलभता से गमी में जल मिल सकेगा एवं गर्मी के मौसम में आने वाली पानी की समस्या भी दूर होगी। विधायक ने सभी सरपंचों से आव्हान किया कि वे सभी अपनी अपनी पंचायतो में देश के प्रधानमंत्री जी का यह संदेश भी पहुचाये की हम किस तरह पानी को बचा सकते है जरूर बचाये एवं इस बार आने वाली बारिश में गांव का पानी गांव में ओर खेत का पानी खेत मे रहे को लेकर भी अभियान चलाना चाहिये ताकि जमीनी जल स्तर बढे । टैंकर वितरण के दौरान भाजपा नेता कुमेरसिंह भाटी,मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार,हरिओम पिंटू परमार,राकेश सिसोदिया, विशाल चौरसिया, विजेन्द्रसिंह ठाकुर,नरेन्द्रसिंह ठाकुर,देवजी पटेल,विष्णु परमार,महेंद्रसिंह ठाकुर सहित सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच सहित सचिव,ग्रामीणजन,भाजपा के कार्यकर्ता आदि उपस्तिथ थे ।

# नवांकुर की छात्रा रिया ने राज्य की प्रावीण्य सूची में पाँचवा स्थान प्राप्त किया

**गंज बासौदा दैनिक सांध्य प्रकाश।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश द्वारा हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में नवांकुर हायर सेकेंडरी की जीव विज्ञान संकाय की छात्रा रिया पटवा पुत्री अनिल पटवा ने 500 में से 479 अंक प्राप्त कर राज्य की प्रावीण्य सूची में पाँचवा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की गणित संकाय की छात्रा पलक रघुवंशी ने 500 में से 475 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय के छात्र शिवांश गुप्ता और छात्रा ज्योति राजपूत ने 474 अंक एवं कशिश रघुवंशी ने कृषि विज्ञान में 470 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉल्फिन के छात्र अक्षत रघुवंशी ने 489 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कृषि विज्ञान की छात्रा कशिश रघुवंशी एक अंक की कमी से तथा डॉल्फिन के छात्र अक्षत रघुवंशी दो अंक कम होने से राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने से रह गए।



रिया की उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष और खुशी का माहौल व्याप्त है, विद्यालय में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विभाग के उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, उन्हें फूल मालाऐं पहनाई गई, मिठाई खिलाई गई और बधाई संदेश देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित अभिभावकगणों का भी विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। हायर सेकेंडरी परीक्षा में विद्यालय के कुल 262 विद्यार्थियों में से 260 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये, जिनका परीक्षा परिणाम 99.02त्न रहा।विद्यालय के 243 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और 17 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण घोषित किए गए। रिया पटवा ने राज्य की प्रावीण्य सूची में पाँचवा स्थान प्राप्त किया।विद्यालय के हाई स्कूल विभाग से कुल 184 विद्यार्थियों में से 178 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिनमें 153 प्रथम श्रेणी में तथा 25 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के छात्र हर्षित जैन और सत्यम शर्मा ने 500 में से 487 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान खुशी जैन और साहनी शर्मा ने 500 में से 486 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा श्री शर्मा ने 500 में से 485 अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।डॉल्फिन स्कूल से परीक्षा में सम्मिलित 104 विद्यार्थियों में से 102 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें 88 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 14 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। अक्षत रघुवंशी पुत्र श्री नीलम सिंह रघुवंशी ने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में द्वितीय तथा विद्यालय में प्रथम स्थान जाह्नवी शर्मा 500 में से 484 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सक्षम जाटव ने 500 में से 483 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर किया प्राप्त किया।

नवांकुर/ डॉल्फिन विद्यालय परिवार ने उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों उनके अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाऐं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सम्मान पाने और सफल होने के लिए मेहनत को जारी रखें: कलेक्टर

## जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

छतरपुर। मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परिणाम घोषित होने पर छतरपुर जिले से कुल 24 बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान हासिल किया गया है। जिनमें कक्षा 10वीं के 19 छात्र भविष्य प्रजापति, कु. गायत्री मिश्रा, कु. अरूषि चौबे, रमेश प्रजापति, कु. अरू त्रिपाठी, कु. कृतिका चौरसिया, कु. पाल मिश्रा, कु. जोया बख्श, कु. जोया खातून, कु. सगुन सोनी, कु. जानवी, कु. श्रेया यादव, ध्रुव साहू, कु. आस्था, अगम्य शुक्ल, कु. वेदिका चौरसिया, शैलेन्द्र कुमार पाल, अंशू शर्मा, कु. सोनाली कुशवाहा एवं कक्षा 12वीं के 4 छात्र जिसमें गणित समूह से कु. कृतिका पटैरिया, कु. शुभांगनी नामदेव, वाणिज्य समूह से कु. नंदनी जैन, कु अर्पिता गुप्ता एवं जीव विज्ञान समूह से कु. स्वाती शर्मा के नाम मेरिट सूची में हैं।



10वीं एवं 12वीं के मेरिट छात्र-छात्राओं को छतरपुर विधायक ललिता यादव एवं कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, जिला शिक्षा अधिकारी आर. पी. प्रजापति सहित छात्र एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

अच्छी शिक्षा और संस्कार जिले की पहचान꞉ विधायक छतरपुर

विधायक श्रीमती यादव ने बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश मेरिट में स्थान हासिल करने पर छतरपुर को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के कुछ संभव हो नहीं पाता। आज यह फल शिक्षा का परिणाम है अच्छी शिक्षा एवं अच्छा संस्कार हमारे जिले की पहचान है जिसके लिए शिक्षकों का भी धन्यवाद दिया।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने उपस्थित छात्रों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेरिट छात्रों में 24 में से 19 केवल लड़कियां होने पर यह एक बड़ी उपलब्धि है। बुन्देलखंड जहां पूर्व में साक्षरता में अच्छा नहीं था वहां ऐसा परिणाम आना प्रेरणादायक है। बच्चों से कहा आपको देखकर और भी स्कूल के बच्चे मॉटिवेट होंगे। साथ ही 14 बच्चे उत्कृष्ट मा. वि. क्रमांक 1 छतरपुर से होने पर शिक्षकों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा जितना परिश्रम आपने किया साथ में आपके पेरेंट्स भी करते है जो बधाई के पात्र है और प्रतिभा की आपके पास कोई कमी नहीं है। यह सम्मान भूलकर आगे भी ऐसे ही सम्मान के लिए कार्य करते रहें। सफल बनने के लिए अपनी मेहनत को जारी रखें और आंगे आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर, बिजनेसमैन आदि बनें।

## एवीजी लॉजिस्टिक्स को भारतीय रेलवे से लीज़ पर पार्सल एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन के लिए दीर्घकालिक अनुबंध प्राप्त हुआ

**मुंबई, एजेंसी।** एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (बीएसई - 543910, एनएसई - एवीजी) को भारतीय रेलवे से पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन पट्टे पर लेने के लिए 6 साल का दीर्घकालिक अनुबंध प्राप्त हुआ है। यह विशेष ट्रेन अगरतला (त्रिपुरा) / गुवाहाटी (असम) से दिल्ली / लुधियाना (पंजाब) के बीच चलाई जाएगी और अगले 6 वर्षों में प्रति माह 4 फेरे पूरे करेगी, जिससे अनुबंध अवधि में कुल 313 फेरे होंगे। इस यात्रा के दौरान शुरुआती 6 महीनों में प्रति फेरा 364 टन माल परिवहन क्षमता की उम्मीद है, जो बाद में बढ़कर प्रति फेरा 484 टन तक हो जाएगी। यह एक्सप्रेस ट्रेन सेवा 2768 किलोमीटर की दूरी 90 घंटों में तय करेगी, जिससे दोनों स्थानों के बीच तेज़ और निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा।इस सहयोग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री संजय गुप्ता ने कहा, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के साथ इस नए सहयोग से हमें अत्यंत खुशी हो रही है। यह सहयोग हमारी मालवाहन/पार्सल सेवाओं को बेहतर बनाने की हमारी मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो हमारे सतत विकास लक्ष्यों को भी गति देता है और हमारे राजस्व में हरित (पर्यावरण अनुकूल) लॉजिस्टिक्स की भागीदारी को बढ़ाता है। हमें उम्मीद है कि इस 6 वर्षीय अवधि में हम लगभग 198 करोड़ (प्रति वर्ष लगभग 33 करोड़) का राजस्व अर्जित करेंगे। यह समझौता हमारी वित्तीय स्थिति को मजबूत करेगा और हमें अधिक महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शुरू करने की प्रेरणा देगा, जिससे हमारी समग्र वित्तीय प्रदर्शन में सुधार होगा।

## पावर एंड इंस्ट्रुमेंटेशन (गुजरात) ने किया उदयपुर एयर टर्मिनल पावर सप्लाई के लिए 21.41 करोड़ का ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट हासिल

**मुंबई, एजेंसी।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड जो इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टिंग और उपकरण उद्योग के प्रमुख नामों में से एक है, को न्याती इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड से एक महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर 21.41 करोड़ मूल्य का है और इसके तहत राजस्थान के उदयपुर एयर टर्मिनल पर पावर सप्लाई सिस्टम के डिज़ाइन, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग, कमीशनिंग और क्लाइंट हैंडओवर का कार्य शामिल है।इस 21.41 करोड़ मूल्य के ऑर्डर में पावर सप्लाई सिस्टम की विस्तृत इंजीनियरिंग और डिज़ाइन, सभी आवश्यक इलेक्ट्रिकल उपकरणों की आपूर्ति, संपूर्ण इंस्टॉलेशन और इंटीग्रेशन प्रक्रिया, कठोर परीक्षण और कमीशनिंग (जिससे यह विमानन मानकों के अनुरूप हो), तथा अंतिम रूप से क्लाइंट को पूरी तरह से तैयार सिस्टम सौंपना शामिल है। यह परियोजना अनुबंध प्राप्ति की तिथि से छह माह के भीतर पूरी कर ली जाएगी। यह अनुबंध पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो हवाई अड्डों के लिए टर्नकी ईपीसी समाधान प्रदान करने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि पीआइजीएल की उस सिद्ध विशेषज्ञता को और मजबूत करती है, जिसके तहत कंपनी ने हमेशा विमानन क्षेत्र के लिए मिशन-क्रिटिकल पावर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया है — वो भी उच्चतम स्तर की विश्वसनीयता और सुरक्षा मानकों के अनुरूप। इस ऑर्डर के साथ, पीआइजीएल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह भारत भर में ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड दोनों प्रकार की एयरपोर्ट परियोजनाओं के लिए पसंदीदा ईपीसी पार्टनर बनी हुई है। पावर एंड इंस्ट्रुमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पद्मराज पद्मनाभन पिल्लई ने कहा, उदयपुर एयर टर्मिनल का ऑर्डर प्राप्त करना हमारे एयरपोर्ट ईपीसी पोर्टफोलियो में एक और महत्वपूर्ण पाडाव है।

## बायर मध्य प्रदेश में मानसून मक्का महोत्सव मानसून कॉर्न फेस्टिवल का करेगा आयोजन

**छिंदवाड़ा।** स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में कार्यरत वैश्विक कंपनी बेयर, मध्य प्रदेश के बैतूल, छिंदवाड़ा और सिवनी जिलों के गांवों में मक्का की खेती पर केंद्रित किसान कार्यशालाएं आयोजित कर रही है। इन कार्यशालाओं के जरिए किसानों को मक्का के भोजन, पशुओं के चारे और सतत ईंधन के रूप में महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह पहल बेयर के संकल्प को दिखाती है, जो छोटे किसानों को बेहतर पैदावार और अधिक आय प्राप्त करने में मदद करने के लिए काम कर रही है। इस पहल पर बात करते हुए, भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में बेयर के क्रॉपसाइंस डिवीज़न के क्लस्टर कमर्शियल लीड, मोहन बाबू ने कहा, बेयर में, हम मक्का किसानों को बदलते कृषि परिदृश्य में सफल होने के लिए आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करने में विश्वास करते हैं। खरीफ भारत के कुल मक्का उत्पादन में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम इस मौसम के दौरान पैदावार बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करें। अपनी कार्यशालाओं के माध्यम से, हम उत्पादकों को नवाचार अपनाने, उत्पादकता बढ़ाने और मक्का मूल्य श्रृंखला की गतिशील आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बना रहे हैं। मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों में मक्का उत्पादन का समर्थन करके, बेयर भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा में सार्थक योगदान देने का प्रयास करता है। भारत में मक्का (कॉर्न) खेती के लिए बहुत जरूरी फसल है। यह फसल खाने के लिए, जानवरों के चारे के लिए और फैक्ट्रियों में कई चीज़ें बनाने के लिए इस्तेमाल होती है। मक्का लाखों किसानों की आमदनी का ज़रिया है और यह देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करती है। यह फसल हर तरह के मौसम और ज़मीन में उग सकती है, इसलिए यह टिकाऊ खेती के लिए भी अच्छी मानी जाती है। बेयर कंपनी का मकसद है ङ्क सबके लिए स्वास्थ्य और किसी को भूखा नहीं रहने देना।

## भारत के छोटे व्यवसायों को विकास और रोजगार में दिख रही है नई उम्मीदें: सर्वे

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया की जानीमानी अकाउंटिंग संस्थाओं में से एक, सीपीए ऑस्ट्रेलिया द्वारा किए गए 16वें एशिया-प्रशांत छोटे व्यवसाय सर्वेक्षण के अनुसार, भारत का छोटा व्यवसाय क्षेत्र एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे गतिशील और आशावादी क्षेत्रों में से एक है। सर्वे के नतीजों से पता चला है कि भारत के 78प्रतिशत छोटे व्यवसायों ने पिछले साल विकास किया, जिससे देश मे महामारी के बाद की मजबूत वापसी दिखाई देती है। प्रफुल्ल छाजेड़, जो सीपीए ऑस्ट्रेलिया के सर्टिफाइड प्रैक्टिसिंग अकाउंटेंट हैं और भारत में 30 से ज्यादा सालों का अकाउंटिंग और फाइनेंस का अनुभव रखते हैं, उन्होंने कहा कि, यह तेजी एक सक्रिय व्यवसायिक माहौल, इनोवेशन पर जोर देने और तेजी से हो रहे डिजिटल बदलाव की वजह से आई है। व्यवसायों का मनोबल काफी मज़बूत है, क्योंकि 86प्रतिशत लोगों को उम्मीद है कि उनका व्यवसाय इस साल काफी बढ़ेगा। एक और खास बात यह है कि भारत के छोटे व्यवसाय अब निर्यात (एक्सपोर्ट) पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। जिसके चलते 64प्रतिशत लोगों को उम्मीद है कि इस साल उनकी विदेशों में बिक्री बढ़ेगी, जो बाकी कई देशों से ज्यादा है। ी प्रफुल्ल छाजेड ने बताया कि, भारत की माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) तेजी से बदलते आर्थिक माहौल में भी अच्छा काम कर रहे हैं। उनका आत्मविश्वास, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को अपनाने की इच्छा, साथ ही नए बाजारों को खोजने की सोच उन्हें भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का एक मजबूत आधार बनाती है।

# भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, जापान को छोड़ा पीछे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत अब आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जानकारी के अनुसार, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

भारत की जीडीपी 2025 में जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से जारी किए गए वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत! दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ये जानकारी साझा करते हुए लिखा है कि %हर भारतीय के लिए गर्व का दिन! ढ्ढरूस्न की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर 4.187 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि महज आंकड़ों से परे है; यह वह रास्ता है जिस पर हम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन के तहत साथ-साथ चले हैं। उनके साहसिक फैसले, दृढ़ संकल्प और 140 करोड़ भारतीयों की क्षमताओं में विश्वास ने इस बदलाव को प्रेरित किया है।

### साल 2028 तक जर्मनी को पछाड़ सकता है भारत

भारत मौजूदा समय में दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जीडीपी में अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान, भारत से आगे हैं। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों में कहा गया कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका और चीन 2025 के साथ आने वाले करीब एक दशक तक अपनी रैंकिंग बरकरार रख सकते हैं।

### दुनिया की सबसे तेज बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था भारत

आईएमएफ ने 2025 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर को घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले जनवरी आउटलुक रिपोर्ट में यह आंकड़ा 6.5 प्रतिशत पर था। रिपोर्ट में बताया गया कि विकास दर में कमी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ की अनिश्चितताओं के कारण है। आईएमएफ की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी हुई है। अगले दो वर्षों में दुनिया की एकमात्र बड़ी अर्थव्यवस्था होगी, जो कि 6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। आईएमएफ की मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा, हमारे अप्रैल 2025 के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में 2.8 प्रतिशत की कमजोर वैश्विक वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जिसमें 127 देशों की वृद्धि दर में गिरावट शामिल है, जो विश्व जीडीपी का 86 प्रतिशत है।

## फिर एक लाख के करीब पहुंचा सोने का भाव, 2400 रुपये की हुई बढ़ोतरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश-दुनिया में तमाम उठापटक के बीच आज सोने के दामों जबरदस्त उछाल देखने को मिली है। जिसकी वजह से सोने की कीमत फिर से एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पास पहुंच गया है। सोमवार को सोने की कीमत 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम थी वहीं आज ये 2400 रुपये महंगा होकर 99,750 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी मंगलवार को 2,400 रुपये बढ़कर 99,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले सत्र में इसका दाम 96,900 रुपये था।

मामले में अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से नए टैक्स लगाने की घोषणा के बाद निवेशकों का रुझान फिर से सोने की ओर बढ़ा है। ट्रंप ने विदेशों से आने वाली दवाओं और फिल्मों पर भारी शुल्क लगाने की बात कही है। इससे व्यापारिक तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ने की आशंका बढ़ी है।

**चांदी भी चमकी, 1800 रुपये बढ़ी कीमतत्न** सोने के साथ-साथ चांदी की चमक भी बढ़ी है। सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 98 हजाप 500 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार की नजर अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक पर टिकी है। फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल की आर्थिक बढ़ोतरी और महंगाई पर टिप्पणी से आगे की दिशा तय होगी। वैश्विक बाजार में भी सोने के दाम में तेजी रही। स्पॉट गोल्ड 45.65 डॉलर यानी 1.37 प्रतिशत चढ़कर 3,379.77 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट सौमिल गांधी के अनुसार, रूस-यूक्रेन युद्ध, मिडिल ईस्ट में तनाव और भारत-पाकिस्तान के बीच ताजा तनाव ने सोने को सुरक्षित निवेश का विकल्प बना दिया है। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर की कमजोरी ने भी सोने की कीमतों को सहारा दिया। वहीं वैश्विक बाजार में चांदी 1.64 प्रतिशत बढ़कर 33 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

## रेमेडियम लाइफकेयर राइट्स इश्यू को सकारात्मक प्रतिभाव, पहले दो दिनों में 26 प्रतिशत सब्सक्राइब

**मुंबई, एजेंसी।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड का राइट्स इश्यू कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइल स्टोन है। इस इश्यू को निवेशकों और शेयरधारकों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और दूसरे दिन के अंत तक इसे 26.03 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। विशेष रूप से, रेमेडियम लाइफकेयर एक तेजी से बढ़ती कंपनी है जो फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के हिस्से के रूप में कच्चे माल के व्यापार और वितरण में विशेषज्ञता रखती है। इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग रणनीतिक रूप से वैश्विक विस्तार पहलों में तेजी लाने, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कंपनी के पदचिह्न को मजबूत करने और कार्यशील पूंजी को मजबूत करने और अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश करने के लिए किया जाएगा। इससे कंपनी की समग्र वित्तीय स्थिति में सुधार होगा।

अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करके और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाकर, रेमेडियल लाइफकेयर का लक्ष्य अपने निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण दीर्घकालिक मूल्य हासिल करना है। इसके अलावा, इसका लक्ष्य खुद को वैश्विक विशेष रसायन और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित करना भी है। रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक आदर्श मुंजाल ने कहा कि इस कदम से कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा और महत्वपूर्ण वृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा। हमारा ध्यान विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और व्यापक बाजार की सेवा के लिए अनुसंधान और विनिर्माण में आगे बढ़ने पर है। यह दृष्टिकोण हमारी दीर्घकालिक स्थिरता और सफलता सुनिश्चित करेगा।

यह रणनीतिक बदलाव कंपनी की हालिया उपलब्धि के बाद आया है, जिसमें कंपनी को फरवरी-2025 में यूके स्थित एक प्रमुख फार्मास्युटिकल वितरक से 182.7 करोड़ का बहु-वर्षीय निर्यात ऑर्डर मिला था।

# भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 'गगनयान' अब 2027 में होगा लॉन्च, इसरो प्रमुख ने दी जानकारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के अपडेट पर मंगलवार को दिल्ली स्थित नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई. इस दौरान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन वी नारायणन ने कहा कि गगनयान परियोजना का पहला मानवरहित मिशन इस साल के अंत में लॉन्च होने की उम्मीद है, इसके बाद 2026 में इसी तरह के दो और मिशन लॉन्च किए जाएंगे.

वहीं, मानवयुक्त गगनयान मिशन का प्रक्षेपण 2027 की पहली तिमाही तक के लिए टाल दिया गया है. इसरो अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने से पहले मानवरहित मिशन के हिस्से के रूप में एक अर्ध-मानव रोबोट 'व्योममित्र' भेजेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान गगनयान मिशन की घोषणा की थी. इसे हासिल करने के लिए 2022 का लक्ष्य रखा गया था. इसरो प्रमुख ने कहा, 'इस परियोजना में कई बार देरी हुई है, आंशिक रूप से कोविड महामारी के कारण जिसने अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण को प्रभावित किया, और मिशन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण तकनीकों में महारत हासिल करने की जटिलताओं के कारण भी. चालक दल के साथ मिशन 2025 में होने की उम्मीद थी और बाद में 2026 के लिए निर्धारित किया गया. अब इसे 2027 की पहली तिमाही तक के लिए स्थगित कर दिया गया है.' गगनयान मिशन के लिए मानव-रेटेड लॉन्च वाहन विकसित करने के अलावा, इसरो के वैज्ञानिकों ने मिशन के लिए पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली भी डिजाइन की है, जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों को कुछ दिनों के लिए पृथ्वी से 400 किमी ऊपर निचली-पृथ्वी कक्षा में ले जाना और उन्हें सुरक्षित वापस लाना शामिल है. यह अंतरिक्ष यान में केबिन दबाव, तापमान, वायु गुणवत्ता और व्यक्तिगत स्वच्छता प्रबंधन प्रणाली को बनाए रखने में मदद करेगा. नारायणन ने कहा, 'यह एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है. यह पहली बार है जब हमने इस विकास को अंजाम दिया है. मैं कहना चाहता हूं कि 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और हम योग्यता के अंतिम चरण में हैं. सफल होने पर, भारत रूस, अमेरिका और चीन के बाद स्वतंत्र रूप से मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजने वाला चौथा देश बन जाएगा.' उन्होंने कहा कि दिसंबर में पीएसएलवी रॉकेट द्वारा लॉन्च किए गए दो उपग्रहों सहित अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग सफल रहे और इसरो स्पैडेक्स-2 की योजना बना रहा है.

## धानुका एग्रीटेक ने मध्य प्रदेश की कृषि क्षमता के सदुपयोग के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी के महत्व पर ज़ोर दिया




**भोपाल।** एक ऐतिहासिक प्रेस सम्मेलन के दौरान धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में मौजूद कृषि क्षमता पर रोशनी डाली। इस अवसर पर सम्मेलन को सम्बोधित करने वाले प्रवक्ताओं में डॉ आर.जी. अग्रवाल, चेयरमैन एमेरिटस, धानुका एग्रीटेक लिमिटेड; श्री चेतन सराओगी, प्रेसिडेंट, धानुका एग्रीटेक लिमिटेड शामिल रहे।

वक्ताओं ने ज़ोर देकर कहा कि मध्यप्रदेश के पास विविध कृषि-जलवायु क्षेत्र और मजबूत फसल उत्पादन क्षमता होने के बावजूद, राज्य अभी तक अपनी पूरी कृषि क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया है ताकि भारत की कृषि जीडीपी में और बड़ा योगदान दे सके। उन्होंने यह भी बताया कि कृषि विकास को तेज़ करने और किसानों की भलाई के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, खासकर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के ज़रिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के 14 करोड़ किसानों और 6.5 लाख गांवों की ज़रूरतें कोई एक संस्था अकेले पूरी नहीं कर सकती। सम्मेलन के दौरान किसानों को सामना करने वाली तीन प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की गई- आधुनिक कृषि तकनीकों तक सीमित पहुंच, उत्पादों के लिए उचित मूल्य न मिलना, और उच्च गुणवत्ता वाले असली कृषि उत्पादों की कमी। प्रवक्ताओं ने सरकार से आग्रह किया कि इन मुद्दों को हल करने के लिए किसानों के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएं। उन्होंने यह भी सलाह दी कि किसान केवल वैध बिलों के साथ कृषि इनपुट्स खरीदें और पैकेजिंग पर मौजूद क्यूआर कोड के जरिए उत्पाद की प्रमाणिकता जांचें।

## कोस्टाओ के प्रचार के लिए नवाजुद्दीन सिद्दीकी भोपाल पहुंचे



**भोपाल।** भोपाल इस गर्मी के मौसम में बॉलिवुड के ग्लैमर में डूब गया, जब नवाजुद्दीन सिद्दीकी ज़ी5 पर स्ट्रीम हो रही अपनी नई फिल्म, कोस्टाओ को प्रमोट करने के लिए शहर में पहुँचे। उन्होंने अपनी इस विज़िट में लोगों से खुलकर चर्चा की, कोस्टाओ के बारे में बताया, इसमें अपने किरदार की जानकारी दी तथा भोपाल के खाने एवं महाँ की मेहमाननवाजी के अपने गहरे प्रेम के बारे में बताया, जिसकी वजह से वो बार-बार भोपाल आना चाहते हैं। फिल्म और अपने सफ़र के बारे में बात करते हुए नवाजुद्दीन ने बताया कि, कोस्टाओ एक ऐसी कहानी है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी मेरे अंदर समा सी गई है। कोस्टाओ फर्नांडीज जैसे किरदार जो बहुत दबाव के बावजूद अपने सिद्धांतों पर कायम रहता है, ऐसे किरदार को निभाने से मुझे अनुशासन, जुनून और निडरता के सही मायने पता चले। मुझे खुशी है कि मैं उसकी कहानी को पर्दे पर ला सका। दर्शकों से जो प्यार और प्रतिक्रिया मिली है, उससे मैं बहुत खुश हूं, और उम्मीद करता हूं कि जैसे उन्होंने मेरे पिछले किरदारों को पसंद किया है, वैसे ही इस बार भी अपना प्यार बनाए रखेंगे। साथ ही अपने शहर के दौरे के अनुभव के बारे में नवाज ने कहा कि, भोपाल हमेशा से ही बहुत अपनापन और गर्मजोशी से स्वागत करता है। जब भी मैं यहां आता हूं, तो यहां का स्ट्रीट फूड ज़रूर खाता हूं। कोस्टाओ का निर्देशन सेजल शाह ने किया है। यह एक दिलचस्प बायोग्राफिकल क्राईम ड्रामा है, जो 1990 के गोवा में गलियों की धूप और छांवदार पृष्ठभूमि में आगे बढ़ता है। कोस्टाओ फर्नांडिस (नवाजुद्दीन सिद्दीकी) सिद्धांतों पर चलने वाले कस्टम अधिकारी हैं, जो सोने की तस्करी करने वाले एक ताकतवर गिरोह के खिलाफ कार्रवाई के संघर्ष में पूरी तरह से उलझ जाते हैं। वो अपने अटल नैतिक सिद्धांतों और दृढ़ साहस के साथ अपनी नौकरी, अपनी सुरक्षा और अपने परिवार तक को जोखिम में डाल देते हैं, लेकिन सही के साथ खड़े रहते हैं।

# ट्रॉपिकल एग्रो ने टैग स्टेम ली का अनावरण किया, धान की सुरक्षा में एक पेटेंटेड क्रांतिकारी खोज

**चेन्नई , एजेंसी।** ट्रॉपिकल एग्रो, जो कृषि-इनपुट नवाचार में अग्रणी है, ने एक क्रांतिकारी खोज का अनावरण किया है ङ्क टैग स्टेम ली, जो पेटेंटेड और अपनी तरह का पहला ग्रैन्युलर कीटनाशक है, जिसमें तीन सक्रिय घटक शामिल हैं।

यह अत्याधुनिक समाधान धान की खेती में दो सबसे विनाशकारी कीटों ङ्कतना छेदक( स्टेम बोरर) और पत्ता लपेटक कीट (लीफ फोल्डर )ङ्क से मुकाबला करने के लिए तैयार किया गया है, जो पूरे भारत में चावल की उत्पादकता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। भारत में चावल की फसल में स्टेम बोरर का प्रकोप भारी आर्थिक नुकसान का कारण बनता है, जिससे पैदावार में 10 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक की गिरावट हो सकती है। इनकी क्षति सबसे गंभीर रूप में दो अवस्थाओं में दिखाई देती है - शाकीय अवस्था में डेड हार्ट (सूखा हुआ मुख्य तना) और प्रजनन अवस्था में व्हाइट ईरहेड (सफेद बाली) के रूप में।अध्ययनों से पता चला है कि केवल 1 प्रतिशत डेड हार्ट होने पर लगभग 0.3 प्रतिशत पैदावार की हानि होती है, जो औसतन (12 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर) हो सकती है।वहीं, 1 प्रतिशत व्हाइट ईरहेड से करीब 4.2 प्रतिशत पैदावार की हानि होती है, जो लगभग (183 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर) तक जा सकती है। इसी तरह, धान की फसल में लीफ फोल्डर का प्रकोप भी 30 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक पैदावार में कमी ला सकता है, जो उत्पादकता के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है।ये चुनौतियाँ इस बात को उजागर करती हैं कि प्रभावी और दीर्घकालिक कीट नियंत्रण समाधान अब पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गए हैं — ताकि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसानों की आजीविका की रक्षा की जा सके।




भारत के लिए 2024-25 (खरीफ और रबी) सीज़न में दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार 136.437 मिलियन मीट्रिक टन चावल उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में, यह स्पष्ट है कि स्मार्ट और प्रभावी कीट नियंत्रण समाधानों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है, ताकि इस अनुमानित उत्पादन को सुरक्षित रखा जा सके और संभावित नुकसान को रोका जा सके। टैग स्टेम ली इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया गया है, जो अपनी डुअल-एक्शन, ट्रिपल-प्रोटेक्शन फार्मूला के साथ सिर्फ 2 किलोग्राम प्रति एकड़ की खुराक में उत्कृष्ट कीट नियंत्रण प्रदान करता है। यह समाधान डेड हार्ट और व्हाइट ईरहेड जैसे प्रमुख लक्षणों को प्रभावी ढंग से समाप्त करता है, जिससे दीर्घकालिक सुरक्षा और सतत कृषि परिणाम सुनिश्चित होते हैं — और वह भी न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव के साथ। इसका प्रयोग भी बेहद आसान है — इसे एफवाईएम (फार्मयार्ड मैन्योर) या रेत के साथ मिलाकर छिड़काव (ब्रॉडकास्ट) किया जा सकता

# पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद बंटी साहू



**छिंदवाड़ा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सात एवं आठ मई को दो दिवसीय दौर पर छिंदवाड़ा आ रहे है, इस दौरान उनके साथ सभी कार्यक्रमों में सांसद बंटी विवेक साहू प्रमुख रूप से शामिल होंगे। वहीं 9 मई को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सांसद कार्यालय छिंदवाड़ा में आमजनों से मुलाकात करेंगे।

सांसद श्री साहू 7 मई को दोपहर 2 बजे तामिया के रेस्ट हॉउस पहुंचेगे, दोपहर 4 बजे जुन्नारदेव के ग्राम इकलासामी भोलेआम में कन्हान नदी के उद्गम स्थल में आयोजित पूजन एवं भ्रमण कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 7 बजे तामिया के रेस्ट हॉउस में पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। 8 मई को सुबह 8:30 बजे तामिया के ग्राम बातरा में आयोजित दूधी नदी के उद्गम स्थल में पूजन एवं भ्रमण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1:30 बजे तामिया के ग्राम छिंदी चिमटीपुर में सीता रेवा नदी उद्गम स्थल में पूजन एवं भ्रमण करेंगे एवं पंच व सरपंच के सम्मेलन में शामिल होंगे। दोपहर 3:30 बजे हर्रई के ग्राम सुरला खापा में शक्कर नदी के उद्गम स्थल में पूजन एवं भ्रमण कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं यूनिसेफ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। 9 मई को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सांसद कार्यालय छिंदवाड़ा में आमजनों से मुलाकात करेंगे।

# श्रीमद् भागवत महापुराण कथा, जल कलश यात्रा से हुआ शुभारंभ



**अमरवाड़ा।** श्रीमद् भागवत महापुराण संगीत- मय कथा का शुभारंभ सोमवार के सांय काल जल कलश यात्रा से प्रारंभ किया गया। स्वर्गीय श्री सेवक राम जी श्री सोनू यादव की पुण्य स्मृति में एवं पितरों के उद्धार के लिए मातेश्वरी मंदिर जगत- देव अमरवाड़ा में 6 मई 25 से 12 मई 25 तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा परम श्रद्धेय पंडित मनीष शुक्ला शास्त्री के मुखारविंद से प्रारंभ होगी।इस कथा का आयोजन श्रीमती मुन्नी बाई यादव ,स्वर्गीय श्री सेवक राम जी यादव उनके सुपुत्र प्रशांत बंटी यादव ,प्रदीप ,विक्रांत, यादव परिवार की ओर से मातेश्वरी मंदिर जगत देव अमरवाड़ा में कथा श्रवण करने हेतु सादर आमंत्रित किया गया है कथा के प्रारंभ में आज महिलाओं के द्वारा जल कलश यात्रा जहां निकली गई वही रथ पर बाल राधा ,कृष्ण एवं भागवत प्रवक्ता पंडित मनीष शुक्ला शास्त्री का नगर भ्रमण हुआ। इस आयोजन में सैकड़ो नर नारियों ने भाग लिया।

# खापास्वामी में जन सहयोग से श्रमदान कर तीन धारी नदी की साफ-सफाई की गई

**छिन्दवाड़ा/** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आव्हान पर जिला कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जनपद पंचायत जुन्नारदेव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि चौहान के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आदर्श ग्राम भुतहा छाबड़ी में सेक्टर- 2 के ग्राम पंचायत खापास्वामी में म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वय श्री अखिलेश जैन व ब्लॉक समन्वयक में श्री संजय बामने के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति खापास्वामी द्वारा आदर्श ग्राम में तीन धारी नदी में स्वच्छता शपथ ग्रहण एवं बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति नवांकुर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना माहोरे, सचिव श्रीमती सोनम तमांग, श्रीमती संगीता यदुवंशी, श्री रूपल सूर्यवंशी एवं प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य सभी लोग उपस्थित थे।

# हर्रई विकासखंड में 19 वर्षीय बालक का विवाह रुकवाया गया

**छिन्दवाड़ा।** जिले के विकासखंड हर्रई के ग्राम मुआरकला में एक बाल विवाह को समय रहते रोक दिया गया। यह कार्रवाई महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जिला कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री रत्नेश कुमार वैद्य, पर्यवेक्षक श्रीमती आशा भारती और श्रीमती अंती उईके के नेतृत्व में टीम को बाल विवाह की सूचना मिली थी। जांच में पाया गया कि विवाह के लिए निर्धारित बालक की उम्र मात्र 19 वर्ष थी, जबकि विवाह ग्राम झिरपी में तय हुआ था। दस्तावेजों की पुष्टि के बाद बालक को नाबालिग घोषित किया गया और मौके पर ही बाल विवाह की प्रक्रिया को रोक दिया गया।

## बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्रों शीतल जल प्याऊ लगाया

**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आव्हान पर जिला कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन, जुन्नारदेव जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि चौहान और ब्लॉक समन्वयक श्री संजय बामने के मार्गदर्शन में जुन्नारदेव विकासखंड के चिखलमऊ के मुख्य मार्ग पर बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्रों के द्वारा शीतल जल प्याऊ लगाया गया। भीषण गर्मी में आने-जाने वाले राहगीरों के लिए यहाँ पर शीतल पेय जल प्याऊ लगाया गया है, जिससे राहगीरों को शीतल जल मिल रहा है।

# हरिओम ने हायर सेकंडरी परीक्षा मे बनाया प्रदेश में प्रथम स्थान, वहीं ब्राइट कॅरियर छात्रा श्रेया ने बनाया प्रदेश में आठवां स्थान

## बैंड बाजे के साथ निकाला उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का जुलूस, मॉडल शालाका रहा 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम




**अमरवाड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा वर्ष20-24 एवं 20 -25 मैं हुई वार्षिक परीक्षा में मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान (कृषि संकाय )में हरि ओम पिता शालिग्राम साहू जो की ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा के छात्र हैं मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था एवं नगर का गौरव बढ़ाया है हरिओम साहू ने 97.02त्न प्रतिशत 500 अंक मै से 468 अंक पाकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ब्राइट कैरियर हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कुमारी श्रेया पिपले ने कला संकाय में 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में (कला संकाय) में आठवां स्थान प्राप्त किया ! वहीं उत्कृष्ट विद्यालय एक्सीलेंस शाला की छात्रा कुमारी शिवानी अहिरवार ने कला संकाय में 96त्न (482 )अंक प्राप्त किया है ! ब्राइट कैरियर हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा ज्योति सोनी पिता सतीश सोनी ने बायोलॉजी विषय में 94त्न अंक प्राप्त कर जिला में तृतीय स्थान प्राप्त किया ! कन्या माध्यमिक शाला अमरवाड़ा की छात्रा कुमारी सोनिका ने 468 अंक प्राप्त कर जिले में अपना स्थान बनाया ! वहीं ज्ञानदीप स्कूल की छात्रा टीनू साहू ने 94त्न अंक दसवीं क्लास में प्राप्त किया है नगर वासियों के द्वारा सभी विशेष योग्यता, प्रदेश मे एवं जिला में अपना स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं का बैंड बाजा के साथ जुलूस निकाला गया मिठाइयां खिलाई गई साथ ही उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य एन के सोनी एवं स्टाफ ब्राइट कैरियर हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य संकेत जैन एवम स्टॉप उत्कृष्ट विद्यालय एक्सीलेंस शाला के प्राचार्य केपी धुर्वे ,कन्या माध्यमिक शाला के प्राचार्य अनिल नेमा, मॉडल शाला के प्राचार्य एन पी परतेति नवदीप माध्यमिक शाला के प्राचार्य एवं स्टाफ तथा समस्त प्राचार्यो को तथा उत्तीर्ण छात्राओं को बधाइयां दी गई। सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ स्कूल संस्था के प्राचार्य एवं गुरुजनों को दिया।

### पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने किया स्वागत

अमरवाड़ा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र जैन और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रही श्रीमती नविता चौरसिया के द्वारा सभी प्रदेश की मेरिट लिस्ट में आए हरिओम साहू और जिले की टॉप लिस्ट में रहे आस्था जांघेल अर्शी बानो गीतांजलि वर्मा का मुंह मीठा करा कर स्वागत किया गया और शुभकामनाएं दी

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने 10 वी और 12 वी के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को दी बधाई



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश राज्य बोर्ड के 10वीं और 12वीं बोर्ड के मंगलवार को परीक्षा परिणाम जारी किए गए। जारी परिणाम में अमरवाड़ा के छात्र ने कृषि संकाय में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को सफलता की बधाई दी साथ ही असफल विद्यार्थियों को हिम्मत ना हारने और दोबारा पूरी एकाग्रता से प्रयास करने की सलाह दी। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश बोर्ड के घोषित परिणाम में अमरवाड़ा के ज्ञानदीप स्कूल के छात्र हरिओम साहू ने कृषि संकाय में प्रदेश में टॉप कर जिले को गौरवान्वित किया है मैं उन्हें हृदय से बधाई देता हूं साथ ही जिले के सभी सफल विद्यार्थियों को हृदय से बधाई देता हूं। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि सभी सफल विद्यार्थियों से मुझे सदैव अपेक्षा रहेगी कि वे इसके बाद आगामी शिक्षा के लिए जहां भी जाएं इसी प्रकार छिंदवाड़ा को गौरवान्वित करते रहें और जीवन की हर परीक्षा में सफल हों।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने असफल विद्यार्थियों से कहा कि असफलता सफलता की पहली सीढ़ी होती है। उन्होंने कहा कि असफलता पर कभी भी मायूस नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी आप इस स्थिति में खड़े हो तो अटल जी की इन पंक्तियों को याद कर लेना

हार नहीं मानूँगा, रार नई ठानूँगा,
काल के कपाल पे लिखता मिटाता हूँ,
गीत नया गाता हूँ।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि मैं एक बार फिर से सभी सफल विद्यार्थियों को हृदय बधाई देता हूं और असफल विद्यार्थियों को हार ना मानने की सलाह देता हूं।

# सांसद बंटी विवेक साहू ने मध्यप्रदेश के टॉपर हरिओम को दी बधाई



**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास भोपाल से दसवीं एवं बारहवीं के रिजल्ट की घोषणा की। जिसमें ज्ञानदीप स्कूल अमरवाड़ा में कृषि संकाय के छात्र हरिओम साहू ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर कृषि संकाय में पूरे मध्यप्रदेश में टॉप स्थान प्राप्त किया है। जिसकी जानकारी लगते ही सांसद बंटी विवेक साहू ने दिल्ली से ही छात्र हरिओम साहू उनके पिता सालकराम साहू एवं स्कूल के प्राचार्य नरेश सोनी को फोन पर चर्चा कर उनकी ओर से एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की ओर से शुभकामनाएं दी। उन्होंने दसवीं एवं बारहवीं के सभी सफल एवं विशेष योग्यता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू ने हरिओम साहू से चर्चा कर कहा कि उनके द्वारा बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। उसके लिए मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि आप इसी तरह आगे बढ़ते रहे और जिले व प्रदेश एवं अपने माता पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने हरिओम के पिता सालकराम साहू से भी चर्चा कर उन्हें भी बधाई देते हुए उनकी ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही सांसद श्री साहू ने जिले के अन्य संकायों में विशेष अंक एवं उपलब्धि हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। साथ ही जिन विद्यार्थियों के किसी कारण से कम नंबर आये है उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे आगे की कक्षाओं में और अधिक मेहनत करते हुए अच्छे अंक हासिल करें।

**हरिओम ने माता पिता एवं गुरूजनों को दिया सफलता का श्रेयः** एग्रीकल्चर संकाय में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने पर छात्र हरिओम साहू ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं गुरूजनों को दिया है। अमरवाड़ा से 13 किलोमीटर दूर ग्राम बिनेकी के रहने वाले हरिओम पिता सालकराम साहू मूलतः किसान है, वे गांव में एक छोटी से किराना दुकान भी चलाते है। उनकी मां सुशीला साहू गृहणी है। हरिओम के दो भाई ध्रुव एवं अनुराग भी दसवीं क्लास में थे जिन्होंने भी दसवीं में विशेष अंक हासिल किए है। हरिओम ने बताया कि माता पिता के सहयोग से वे अमरवाड़ा में रूम लेकर पढ़ाई कर रहे है। स्कूल के शिक्षकों ने पढ़ाई के लिए उन्हें विशेष सहयोग प्रदान किया। हरिओम ने कहा कि यदि विद्यार्थी ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाई करें तो सफलता जरूर मिलेगी। उनकी इच्छा आगे सरकारी नौकरी करने की है, जिसकी वे तैयारी कर रहे है।

# डुंगरिया में मोक्षधाम में हुआ जल स्त्रोतों की सफाई और शपथ का आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर और कलेक्टर सिंह के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्वच्छता और जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत जुन्नारदेव के ग्राम पंचायत डुंगरिया के मोक्षधाम परिसर में जल स्त्रोत की सफाई एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि चौहान के मार्गदर्शन में तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक एवं ब्लॉक समन्वयक संजय बामने के निर्देशन में संपन्न हुआ।



# नकुलनाथ व प्रियानाथ ने चखा महुए के बिस्किट का स्वाद

**छिन्दवाड़ा।** जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रियानाथ ने महुए के फूलों से निर्मित होने वाले बिस्किट का स्वाद चखा। लजवाब स्वाद की सराहना करते हुए नकुलनाथ एवं प्रियानाथ ने स्व. सहायता समूह की महिलाओं की भी जमकर तारीफ करते हुए कहा कि जीवन में पहली दफा ऐसे बिस्किट का स्वाद मिला है। शिकारपुर कमलकुंज निवास पर अरण्यका स्व-सहायता समूह की महिलाएं पहुंची, उन्होंने अपने हाथों से निर्मित किए हुए महुए के फूलों के बिस्किट नकुलनाथ एवं श्रीमती प्रियानाथ ने स्वाद चखा।

# तालाब गहरी करण में श्रमदान कर दिया जल गंगा संवर्धन अभियान का संदेश



**छिंदवाड़ा।** जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के द्वारा सोमवार 5/5/25 को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सिवनी प्राण मोती में तालाब के गहरीकरण करने कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह जी के निर्देशन में नगर निगम के आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय एव जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के कुशल मार्गदर्शन में परामर्शदाता समाजसेवी विनोद तिवारी,श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह के नेतृत्व में बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सिवनी प्राण मोती तालाब का गहरीकरण का कार्य श्रमदान से किया इस अवसर पर नगर निगम के अमले के साथ नगर निगम के अधिकारी विवेक चौहान ,समाजसेवी अजय सिंह,सहित ग्रामीण जनों,बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट प्रदीप डेहरिया,दीपक करदे,शीतल श्रीवास,अमित बरखनिया,कामेश सूर्यवंशी,बबीता बंदेवार,किरण पटेलिया,अंबिका धुर्वे, धर्मेंद्र मस्तकार,ज्योति परमार, ज्योति चौकसे,सहित समस्त स्ट्रूडेंट, जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति छिंदवाड़ा के प्रतिनिधि सहित जन अभियान परिषद का पूरा आमला ने श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया ।साथ ही नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर एवं परामर्श दाता विनोद तिवारी ने उपस्थित सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। जन अभियान परिषद के सभी लोगो ने तालाब के पास लंबी मानव श्रंखला बनाकर तालाब की मिट्टी को फावड़े से उठा कर घमेले से हाथो हाथ चंद मिनटों में बड़े मिट्टी के ढेर को एक स्थान से दूसरे स्थान में डाला ये देखकर ग्रामीण जनों ने भी हाथ बटाने श्रमदान किया।जन अभियान परिषद के परामर्शदाता विनोद तिवारी ने कहा की जन अभियान परिषद के



सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम के बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट नवांकुर संस्थाएं प्रस्फुटन समितियो के साथ नगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों में भी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत श्रमदान से जल संरक्षण का संदेश दे रहे है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं तामिया विकासखंड समन्वयक संजय बामने के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड तामिया के सेक्टर क्रमांक-03 पाटनढाना स्थित हैंडपंप के आसपास तथा सोख्ता गड्ढे के पास साफ सफाई की।

# कलेक्टर के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्रों में नवाचार की पहल

## 25 केंद्र बने पाठशाला 5 को मिला डिजिटल स्वरूप



**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों को बाल सुलभ वातावरण प्रदान करने की दिशा में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अभिनव पहल की गई है।आंगनबाड़ी पाठशाला के पहले चरण में परासिया विकासखंड के 25 आंगनबाड़ी केंद्रों को शिक्षण आधारित स्वरूप में परिवर्तित किया गया है। इस कार्य में डब्ल्यूसीएल पेंच एरिया द्वारा सीएसआर फंड के माध्यम से सहयोग दिया गया है। परियोजना परासिया-02 के तहत खिरसाडोह सेक्टर के दीघावानी में 01 से 05 तक कुल 5 केंद्र, रावनवाड़ा पंचायत के 4 और हर्रई पंचायत के 4 केंद्रों में बच्चों के लिए कुर्सी-टेबल तथा 8 केंद्रों में कार्यकर्ताओं के लिए फर्नीचर प्रदान किया गया।इसके अलावा कलेक्टर श्री सिंह के विशेष प्रयासों से बिरला ग्रुप कॉरपोरेशन के सहयोग से परासिया के 5 आंगनबाड़ी केंद्रों मोयारी, शीलादेही, थावरी दामोदर, थावरी ढाना और गाजनडोह को डिजिटल केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इन केंद्रों में एलईडी टीवी, होम थियेटर, अलमारी, 5 टेबल, 20 कुर्सियाँ और बाल सुलभ पेंटिंग की व्यवस्था की गई है। यह पहल न केवल बच्चों के पोषण के साथ शिक्षा पर बल देती है, बल्कि आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# धर्मटेकड़ी पुलिस चौकी की लगातार सटोरियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही

**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता द्वारा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त/त्वरित कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं !नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा एवं थाना प्रभारी कुंडीपुरा मनोज बघेल के कुशल मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी धरमटेकडी उनि राजेश साहू के द्वारा चौकी क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाते हुए मुखबिर तंत्र सक्रि?य कर टीम गठित कर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुये अवैध शराब तस्?कर,विक्रय व परिवहन, अवैध सट्टा/जुआ खेलने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की गयी है।

**संक्षिप्त विवरण** (1) अमन उर्फ गब्बर पिता राजू सोनी उम्र 30 वर्ष को श्याम टॉकीज क्षेत्र में अवैध सट्टा पर्ची लिखते हुए पकड़ा गया जिसके विरुद्ध धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर रू.410 की राशि जप्?त की गयी। (2) सुचित उर्फ सच्चु पिता वीरेन्द्र कीर उम्र 38 वर्ष- श्याम टॉकीज क्षेत्र में अवैध सट्टा पर्ची लिखते हुए पकड़ा गया जिसके विरुद्ध धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर ? 1350 की राशि जप्त की गयी । इस प्रकार पुलिस चौकी धरमटेकडी द्वारा विगत 20 दिनों में... 16 सटोरियो के विरूद्ध सख्त प्रभावी कार्यवाही करते हुए कुल 24,510/- रूपये जप्त किया गया है !अवैध रूप से जुआ खेलने वाले 12 आरोपीयों के विरूद्ध सख्त प्रभावित कार्यवाही करते हुये 02 अपराधों पर कुल 2,170/- रूपये किया गया है। अवैध शराब की बिक्री/तस्करी करने वाले 13 आरोपीयों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये कुल 7653 लीटर शराब कुल कीमती 56,600/- रूपये जप्त किया गया है !

## छिंदवाड़ा में डायल-112/100 सेवा की मानवीय पहल

**छिंदवाड़ा।** थाना जुन्नारदेव क्षेत्र में मध्यरात्रि के समय 35 वर्षीय व्यक्ति का हुआ स्वास्थ्य खराब, डायल-112/100 एफ आर व्ही ने व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाया छिंदवाड़ा के थाना जुन्नारदेव क्षेत्र में एक व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 04-05-2025 को रात्रि 02:24 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल जुन्नारदेव थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ सैनिक मुन्ना लाल उइके तथा पायलेट सतीश नाग वंशी ने मौके पर पहुँचकर बताया कि वार्ड नंबर 13 निवासी 35 वर्षीय सनी विंसेंट मसीह का अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाने से उन्हें घबराहट हो रही थी । डायल-112/100 एफ आर व्ही द्वारा पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल जुन्नार देव पहुंचाया गया ।

# अवैध कालोनियों के रहवासियों को राहत या शोषण

**छिंदवाड़ा।** प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की वैध व अवैध कालोनियों के रह वासियों को स्थायी विधुत कनेक्शन प्रदान करने के लिए आवश्यक अधोसंरचना में निर्माण लागत में राहत प्रदान करने हेतु विधुत सुगम ( सुविधा) योजना 2024 लागू करने के निर्देश ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रदेश की विधुत वितरण कंपनियों को जारी किये गये हैं जिसमें वैध अवैध कालोनियों के रहवासियों को स्थाई विधुत कनेक्शन के लिए आवेदन के साथ 25 प्रतिशत राशि जमा करना होगी शेष राशि का भुगतान मय ब्याज दरों के साथ बिजली बिल में समायोजित कर दो वर्षों की अवधि में जमा करना होगा विधुत वितरण कंपनियों के द्वारा कृषक विधुत कनेक्शन धारियों व घरेलू उपभोक्ताओं को टैरिफ बढ़ा कर अतिरिक्त अधिभार के माध्यम से भारी भरकम बिजली बिल देकर सीधे सीधे जेब में डाका डाल रही है ऐसे में ऊर्जा विभाग वैध एवं अवैध कलोनीयो के रहवासियों से ब्याज लेकर सशर्त स्थायी कनेक्शन देकर उपभोक्ताओं को राहत की जगह कष्ट देकर शोषण कर रहीं हैं स्थायी विधुत कनेक्शन के लिए उपभोक्ताओं को बिजली विभाग द्वारा भारी भरकम बजट बता कर आर्थिक व मानसिक शोषण किया जाता है उक्त आशय के जारी बयान में जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पूर्व में कृषक मित्र योजना के तहत किसानों को ट्रांसफार्मर लगाने के लिए 50 प्रतिशत कृषक मित्र से एवं 50 प्रतिशत सरकार वहन करने का प्रावधान लेकर योजना लाई गयी थी जो कि ठंडे बस्ते में चली गई इसी तरह कृषकों को स्थाई विधुत कनेक्शन 5 रुपये में देने की घोषणा प्रदेश सरकार द्वारा की गई लेकिन सुरक्षा निधि के नाम पर अतिरिक्त पैसे लिये जा रहे हैं उन्होंने आगे कहा कि ऊर्जा विभाग ने सुगम विधुत ( सुविधा) योजना वैध अवैध कालोनियों के रहवासियों के लिए राहत देने के लिए बनाई लेकिन वास्तव में ये योजना उपभोक्ताओं के लिये दुर्गम विधुत योजना साबित हो रही है इसके एवज़ में उपभोक्ताओं को राहत के बजाय आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

# चयनित खिलाड़ियों का किया सम्मान

## बैडमिंटन प्रतिभा खोज का पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समापन




**छिंदवाड़ा।** जिला बैडमिंटन संघ छिंदवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतिभा खोज का आयोजन स्थानीय ओलंपिक बैडमिंटन स्टेडियम मे किया गया जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया उल्लेखनीय है कि बैटमिंटन प्रतिभा खोज चयन स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ियों के खेल स्तर में सुधार कर उनको आगामी राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। आयोजन समिति द्वारा विजेता ओर उपविजेता खिलाड़ी को पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया। बालिका व बालक वर्ग के 90 खिलाड़ियों ने स्पर्धा में भाग लिया। खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ,अभिषेक पाटनी, रिजवान कुरैशी, अनिल जैन, श्रीमती मीताल जुनेजा,कुमारी रिद्धी नाहर, श्रीमती रुचि भांडुरिया ,अज़हर खान ,राकेश चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सचिव जावेद खान ने बताया कि आगामी दिनों में होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे चयनित खिलाडी इस प्रकार है विहान, लक्ष्य, कनिष्क, हर्ष कीर,आरव, धुरूव, हर्षित, अभय, ओम,भविष्य, दिव्यांश, विशेष, पांखुरी, एंजिल,जानवी, दक्षिता, काव्या, संचारिका, लक्ष्मी, निष्ठा, परी,विराट सोनी सुजाता, आदिवा, जिया, अध्यन, मन्नत, अंकिता, अर्क, तरुण, मीठास, रुद्र व हरसुल छिंदवाड़ा जिले की टीम में चयनित किये गए हैं। निर्णायक एवं चयन कर्ता के रूप में जावेद खान,राकेश चौरसिया, अक्षय मक्कड़, कोमल साह, अशवंत मार्को,भाविक धुर्व, महिमा यादव उपस्थित रहे। जिला बैडमिंटन संघ द्वारा एक माह का खिलाड़ियों के लिए विशेष रूप से उनके खेल स्तर को सुधार करने हेतु निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया है । यह ओलंपिक के बैडमिंटन हाल में शाम 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत ने मचाई तबाही

पहलगाम आतंकी हमले के करीब 2 हफ्ते बाद भारत ने पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में कुल 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इनमें पाकिस्तानी सेना की सरपरस्ती में चलने वाले जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय बहावलपुर और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का हेडक्वॉर्टर भी शामिल हैं।



## सोशल मीडिया से

















### 70 से ज्यादा आतंकी ढेर, कई घायल

भारत की तीनों सेनाओं के संयुक्त अभियान%ऑपरेशन सिंदूर% के तहत 9 आतंकी ठिकानों पर 24 मिसाइलों से सटीक हमले किए गए। इस हमले में 70 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं और 60 से ज्यादा जख्मी हुए हैं। जिन ठिकानों पर भारत ने सटीक हमले किए हैं वहां लंबे समय से आतंकी ट्रेनिंग लेते रहे हैं। इनमें जैश और लश्कर के मुख्यालय के अलावा वह ठिकाना भी शामिल है जहां आतंकी अजमल कसाब ने ट्रेनिंग ली थी। पाकिस्तान ने अब तक 26 मौत की बात कबूली है। उसका दावा है कि मरने वाले आम नागरिक हैं।

### इन 9 ठिकानों पर हमले

भारत ने पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में जिन 9 जगहों पर आतंकी ठिकानों को टारगेट किया, वे हैं- मुजफ्फराबाद, कोटली, बहावलपुर, रावलकोट, चकस्वारी, भिंबर, नीलम घाटी, झेलम और चकवाल। तस्वीर में मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकाने पर मिसाइल हमले से पहुंचा नुकसान दिख रहा है।

### जैश-ए-मोहम्मद की आतंकी फैक्ट्री तबाह

भारत ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय पर भी मिसाइल हमले किए हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि जैश सरगना मसूद अजहर के परिवार का नामोनिशां मिट गया है। वह खुद तो बच गया है लेकिन खुद की मौत की भीख मांग रहा है।


### लश्कर ए तैयबा के मुख्यालय पर भी हमला

भारत ने मुरीदके में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय पर भी मिसाइलें दागी हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित मुरीदके में मिसाइल हमले के बाद का दृश्य।

### जमींदोज हुआ आतंकी ठिकाना

मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी ठिकाने को काफी नुकसान पहुंचा है। टीआरएफ उसी का मुखौटा संगठन है।





### बहावलपुर

बहावलपुर के विक्टोरिया अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है। तस्वीर में तमाम लोग और ऐंबुलेंस दिख रही हैं।

### मुदीरके में बजते रहे ऐंबुलेंस के सायरन

मुदीरके में ऐंबुलेंस के सायरन लगातार बजते रहे। सड़कों पर कई ऐंबुलेंस मृतकों और घायलों को अस्पताल ले जाती दिखीं।

### मुजफ्फराबाद में तबाही

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकाने पर भारत के हमले के बाद नुकसान का जायजा लेते पाकिस्तानी सुरक्षा बल।

### आतंकी ठिकाने को नुकसान

मुजफ्फराबाद में एक आतंकी ठिकाने पर भारत की स्ट्राइक के बाद हुए नुकसान का दृश्य

### बहावलपुर

बहावलपुर के एक अस्पताल के बाहर पहरा देते पाकिस्तानी सुरक्षा बल। इस अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है।

### सियालकोट में आतंकी ठिकाने पर हमला

सियालकोट के सरजल में इस आतंकी कैंप को निशाना बनाया गया है

**भिंबर-** भारत ने जिन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है उनमें भिंबर भी शामिल है।

**कोटली अब्बास-** कोटली अब्बास में चल रहे आतंकी कैंप पर भी भारत ने सटीक हमले किए हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद चर्चा में कर्नल सोफिया कुरैशी

भारत की बहादुर बेटियां आज सिर्फ बंदूक नहीं थाम रहीं, बल्कि वैश्विक मंचों पर देश की आवाज भी बुलंद कर रही हैं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत द्वारा पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के नौ ठिकानों को मिसाइल से तबाह करने की कार्रवाई के बाद, प्रेस ब्रीफिंग में जो दृश्य सामने आया, वह भारतीय सेनाओं में महिलाओं की दमदार भागीदारी का प्रतीक बन गया।



इस महत्वपूर्ण संवाद के लिए थल सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह को चुना गया, जिनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी मौजूद थे।

### रात 1.05 से 1.30 के बीच चला मिशन

भारत ने यह सैन्य कार्रवाई पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के खिलाफ की, जो हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार माने जा रहे थे। यह हमला भारतीय समयानुसार रात 1.05 से 1.30 बजे के बीच किया गया। ऑपरेशन की सफलता के तुरंत बाद मीडिया को इस मिशन की जानकारी देने के लिए भारतीय सेना की महिला अधिकारी आगे आईं, जिसमें सबसे प्रमुख नाम कर्नल सोफिया कुरैशी का रहा।

### साल 1999 में मिला कमीशन

सोफिया कुरैशी को यह गौरव प्राप्त है कि वे %एक्सरसाइज फोर्स 18% जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास की अगुवाई करने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं। इसके अलावा, वर्ष 2006 में उन्होंने कांगो में संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाई। उल्लेखनीय है कि उन्होंने महज 17 वर्ष की उम्र में, वर्ष 1999 में शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिए भारतीय सेना की सेवा में प्रवेश किया था।

### विश्व मंच पर भारत की प्रतिनिधि बनीं सोफिया

मार्च 2016 में लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी ने भारत की तरफ से 40 सदस्यीय सैन्य दल की कमान संभाली थी। यह दल %एक्सरसाइज फोर्स 18% में शामिल हुआ था, जो अब तक का भारत में आयोजित सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास माना जाता है। यह अभ्यास पुणे में हुआ था, जिसमें अमेरिका, चीन, रूस, जापान और दक्षिण कोरिया समेत कुल 18 आसियान प्लस देशों ने भाग लिया था। इस बहुराष्ट्रीय सैन्य ड्रिल में लेफ्टिनेंट कर्नल कुरैशी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही। उन्होंने सैनिकों को शांति अभियानों और मानवीय सहायता से जुड़े अभियानों के तहत बारूदी सुरंग हटाने जैसी जटिल प्रक्रियाओं की विशेष ट्रेनिंग दी





मिशल सिंदूर की सफलता पर विधायक भगवानदास सबनानी कुछ इस तरह खुशी का इजहार करते हुए।




मिशल सिंदूर की सफलता पर संस्कृति बचाओं मंच कुछ इस तरह खुशी का इजहार करते हुए।

## ऑपरेशन सिंदूर से भौखलाया पाकिस्तान, पाक सेना की फायरिंग में 10 नागरिकों की मौत

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी सेना की ताबड़तोड़ गोलाबारी ने भारी तबाही मचाई है। मंगलवार और बुधवार की रात पाकिस्तानी सेना ने पुंछ, राजौरी, उरी और तंगधार सहित कई इलाकों में भारी गोलीबारी की, जिसमें एक महिला और दो बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा नुकसान पुंछ जिले में हुआ, जहां सात लोगों की जान गई।

पाकिस्तानी सेना ने अग्रिम गांवों को निशाना बनाया, जिससे कई घर, दुकानें और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। तंगधार में तोपखाने की गोलाबारी से एक नागरिक का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। पुंछ के मनकोट में मोर्टार शेल की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उनकी 13 वर्षीय बेटी घायल हो गई। उरी के सलामाबाद और कलगे इलाकों में गोलाबारी से कई घर तबाह हुए, जिससे लोग दहशत में सुरक्षित स्थानों की ओर भागे।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह गोलाबारी भारत द्वारा पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर किए गए मिसाइल हमलों के जवाब में शुरू हुई। भारतीय सेना ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। पुंछ के कृष्णा घाटी, शाहपुर, राजौरी के लाम, मंजाकोट और उत्तरी कश्मीर के करनाह व उरी सेक्टरों में दोनों ओर से गोलाबारी जारी रही।

अधिकारियों ने बताया कि घायलों की हालत स्थिर है और उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गोलाबारी के दौरान कई परिवारों को अपने घर छोड़कर भागना पड़ा। सलामाबाद में तालिब हुसैन और डॉ. बशीर अहमद के घर पूरी तरह नष्ट हो गए।

भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान के संघर्ष विराम उल्लंघन का कड़ा जवाब दिया जा रहा है। गोलाबारी से प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए गए हैं, लेकिन सीमा पर तनाव बरकरार है।

## अमृतसर एयरपोर्ट अगले आदेशों तक बंद, चंडीगढ़ से फ्लाइट्स रद्द; यात्रियों को किया गया अलर्ट

नई दिल्ली- ऑपरेशन सिंदूर के बाद पंजाब में हाई अलर्ट जारी किया गया है। अमृतसर हवाई अड्डे को अगले सरकारी आदेश तक बंद कर दिया गया है, और सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

अमृतसर आने-जाने वाली उड़ानों को फिलहाल अन्य शहरों की ओर मोड़ दिया गया है। हवाई अड्डे की ओर से सभी यात्रियों को संदेश भेजा गया है कि वे घर से एयरपोर्ट न आएं। इसके अलावा, चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सभी 33 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। साथ ही, पठानकोट एयरबेस पर सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है।

